संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 17 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नई दिल्ली में विजय दिवस के अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 327 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### हनुमान बेनीवाल ने दिया लोकसभा सदस्यता से त्यागपत्र

**जयपुर/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख व नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल ने अपनी लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। बेनीवाल ने शुक्रवार शाम को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को त्यागपत्र दिया। गौरतलब है कि हनुमान बेनीवाल ने राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में नागौर जिले की खींवसर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होने के कारण लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। बेनीवाल अब विधानसभा में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। बेनीवाल चौथी बार खींवसर से विधायक निर्वाचित हुए हैं।

### संसद सुरक्षा में चूक का छठा आरोपी रिमांड पर

**नई दिल्ली :** इस मामले में पुलिस ने महेश कुमावत नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में ये छठे आरोपी की गिरफ्तारी की है। आरोपी महेश कुमावत है। जो मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। स्पेशल सेल के सूत्र बताते हैं कि जब ललित झा ने दिल्ली पुलिस के सामने कर्तव्य पथ थाना में सरेंडर किया था।उस वक्त महेश कुमावत भी साथ में था। वहीं दूसरी तरफ अदालत ने संसद में सुरक्षा उल्लंघन के पीछे के मास्टरमाइंड होने के आरोपी ललित झा को शुक्रवार को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# मोदी के साथ सुल्तान की द्विपक्षीय वार्ता

= ओमान के सुल्तान के साथ द्विपक्षीय वार्ता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक दिन बताया।

**दौरा**

8 भारत के दौरे पर है, उनके साथ डिप्टी पीएम के प्रतिनिधिमंडल, सात कैबिनेट मंत्री और उपमंत्री आए हैं।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत के तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर है। सुबह राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में ओमान के सुल्तान का औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। सुल्तान हैथम बिन तारिक के भारत दौरे पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान के बीच हुए वार्ता का संक्षिप्त विवरण दिया है। विदेश सचिव ने कहा, 'पीएम मोदी ने ओमान के सुल्तान के साथ वार्ता समाप्त की। वह भारत के दौरे पर है, उनके साथ डिप्टी पीएम के प्रतिनिधिमंडल, सात कैबिनेट मंत्री और उपमंत्री आए हैं। पिछले 26 वर्षों में यह ओमान के सुल्तान का पहला भारत दौरा है।'

**पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ताः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओमान के सुल्तान से बातचीत की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा, रक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था पर द्विपक्षीय वार्ता हुई। ओमान के सुल्तान शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे थे। यह उनका पहला भारतीय दौरा है। ओमान के सुल्तान के साथ द्विपक्षीय वार्ता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक दिन बताया है। उन्होंने कहा, '26 साल बाद ओमान के सुल्तान ने भारत का दौरा किया, यह दोनों देशों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। मैं पूरे भारतवासियों की तरफ से उनका स्वागत करता हूं।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, 'दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक क्षेत्रों में बातचीत हुई। इस्राइल-हमास के युद्ध के कारण उत्पन्न स्थिति पर भी दोनों नेताओं के बीच बात हुई।' सुल्तान ने यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बता दें कि इसी साल विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ओमान दौरे पर गए थे। 18-19 अक्तूबर के उनके दौरे के बाद सुल्तान भारत दौरे पर पहुंचे हैं।

**भारत-ओमान के बीच यूपीआई के उपयोग पर विदेश सचिव ने कही ये बातः** भारत और ओमान के बीच डिजिटल भुगतान की संभावना पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा है कि यूपीआई का उपयोग करने के बारे में दोनों देशों के बीच चर्चा चल रही है।

### 'जो रह गए, उन्हें भी मिलेगा योजनाओं का लाभ'

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प में शहरों की बड़ी भूमिका पर जोर दिया। अब तक चार संवाद ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों से कर चुके पीएम ने शनिवार को शहरी क्षेत्रों के लाभार्थियों पर ध्यान केंद्रित किया। गांव के गरीब से शहर की झुग्गी-झोपड़ी तक योजनाएं पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्धता जताते हुए गारंटी दी कि जो रह गए हैं।

## मत हों परेशान, हर समस्या का होगा समाधानः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कि किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। उनके रहते किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। नता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।

## भारत को छेड़ने की पाकिस्तान की 'नापाक' साजिश

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर सीमा पार से आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों से सूचना मिलने के बाद बीएसएफ ने अलर्ट जारी कर दिया है। बीएसएफ के एक शीर्ष अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पाक सीमा से लगभग 250 से 300 आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं। सीमा पार लॉन्चपैड पर ये आतंकवादी मौजूद हैं। अधिकारी ने कहा कि



सुरक्षा बलों को अलर्ट कर दिया गया है। सीमा पार से घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। बीएसएफ के महानिरीक्षक अशोक यादव ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि खुफिया जानकारी है कि 250-300 आतंकवादी लॉन्च पैड पर इंतजार कर रहे हैं। लेकिन हम और सेना सभी संवेदनशील इलाकों पर हावी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं।

### एक बार फिर कोविड ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के सब वेरियंट जेएन.1 का एक मामला आठ दिसंबर को केरल में सामने आया है। अधिकारिक सूत्रों ने कहा है कि आरटी पीसीआर जांच में 79 वर्षीय महिला का सैंपल पॉजीटिव पाया गया। महिला में इन्फ्लूएंजा जैसे हल्के लक्षण नजर आ रहे थे। सूत्रों का कहना है कि भारत में वर्तमान में कोविड के 90 प्रतिशत मामले काफी कमजोर हैं। अधिकतर पीड़ित होम आइसोलेशन में रह रहे हैं।







# प्रधानमंत्री मोदी ने यात्रा के लाभार्थियों से की बातचीत

**टीम एक्शन इण्डिया/चंडीगढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत की और इस अवसर पर सभा को संबोधित भी किया, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाखों लाभार्थी जनता के साथ पीएम की इस यादगार बातचीत को देखने के लिए बड़े उत्साह और जोश के साथ शामिल हुए। यह बातचीत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो पूरे भारत में नागरिकों के जीवन पर सरकारी पहलों के वास्तविक प्रभाव को प्रदर्शित करती है। माननीय प्रधान मंत्री देश भर में पांच स्थानों पर लाभार्थियों से सीधे जुड़े। इन स्थानों में मुंबई (महाराष्ट्र), गुवाहाटी (असम) कोझिकोड (केरल) शिमला (हिमाचल प्रदेश) और लखनऊ (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न योजनाओं के इन लाभार्थियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने अनुकरणीय





सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और सम्मानजनक विस्तार का चित्रण करते हुए वास्तविक जीवन पर सरकारी योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रदर्शित किया। रोपड़ जिले के घनौला गांव में कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति रही, जहां उन्होंने इस अवसर पर सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत सरकार ने आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, पीएम उज्ज्वला, आधार नामांकन आदि सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों के घर तक यह पहुंचाने का प्रयास किया है, इस संकल्प के साथ कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए आर्थिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में कोई पीछे न रहे। घनौला गांव से पहले, मंत्री ने एसएएस नगर, मोहाली के बलौंगी गांव में वीबीएसवाई साइट का भी दौरा किया। प्रधान मंत्री ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा को भी वस्तुतः हरी झंडी दिखाई। 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर झारखंड के खूंटी से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने के अपने मिशन में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैन का लाभ उठाते हुए, और प्रत्येक स्थान पर विभिन्न योजनाओं के लिए शिविरों का आयोजन करते हुए, यात्रा समग्र और समावेशी विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री की लाइव बातचीत नागरिकों के साथ सीधे संचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार के समर्पण को मजबूत करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि विभिन्न योजनाओं के लाभ उन लोगों तक पहुंचें जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। यह पहल पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-केंद्रित शासन के सिद्धांतों के अनुरूप है। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे।

## खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान रही प्रथम

**गन्नौर। अंतर्राष्ट्रीय गीता** महोत्सव की खंड स्तरीय प्रतियोगिता में नवह्ल्योति स्कूल की छात्रा मुस्कान रही। खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 11 दिसंबर को गन्नौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवाया गया था।

जिसमें खंड स्तर पर 15 स्कूलों ने भाग लिया था। नवह्ल्योति शिक्षा सदन की तरफ से वंशिका एवं प्राची निबंध प्रतियोगिता में हुनर, मुस्कान व जय ने गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में और लक्की, दीप्ति, अंशिका ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। भाषण प्रतियोगिता में नवह्ल्योति शिक्षा सदन से मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही।

## केयू ने देश को दिए हैं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी: सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वालीबॉल प्रतियोगिता 2023-24 के फाइनल मुकाबले में इतिहास रचते हुए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को हराकर पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने 20वीं बार लगातार चैम्पियन बनने पर केयू के विजेता खिलाड़ियों एवं केयू स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. नितिन सहगल, कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती तथा अर्जुन अवार्डी डॉ. दलेल को बधाई दी।



उन्होंने कहा कि केयू ने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि जल्द ही करुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भी खिलाड़ियों को बड़ा मल्टीपर्पज हॉल की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। बिना किसी विरोध या शिकायत के इस टूनार्मेंट का आयोजन अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने जनवरी 2024 के अंत में केयू में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया प्रतियोगिता में क्वालिफाई करने वाली चारों टीमों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं मैडल देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता ने भी सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। इस मौके पर केयू कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने मुख्यातिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर केयू कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने मुकेश कुमार को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया तथा वालीबॉल कोच राजेश कुमार के सराहनीय योगदान एवं प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 60 से अधिक टीमों ने प्रतिभागिता की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ तथा चौथे स्थान पर हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला रही।इस अवसर पर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, केयू स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. नितिन सहगल,कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, अर्जुन अवार्डी डॉ. दलेल सिंह सहित कोच राजेश राजौंद, टीम मैनेजर एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

## शिक्षा विभाग के सहयोग से प्राथमिक सहायता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)भारतीय** रेड क्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा चंडीगढ़ के निदेर्शानुसार तथा जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से चार दिवसीय प्राथमिक सहायता तथा गृह परिचरिया ट्रेनिंग कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनिपला कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया डॉक्टर सुनील कुमार सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ने जिले के विभिन्न स्कूलों के 1700 विधार्थियो को चार दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स लिए योजना कर जिला के विभिन्न स्कूली बच्चों को प्राथमिक सहायता तथा गृह परिचरिया का प्रशिक्षण प्रारम्भ करवाया। अंजू कश्यप, जिला प्रशिक्षण अधिकारी के नेतृत्व में सभी स्कूलों में यह कार्यक्रम शुरू करवाया गया अभी तक जिले के ८०० विधार्थियो ने ये ट्रेनिंग ली है तथा ओंनलाइन पेपर दे कर सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया । प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण मे घायल को अस्पताल पहुंचने से पहले ही घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार मिल सके इस कार्यक्रम के अंतर्गत किरण कश्यप प्रवक्ता प्राथमिक सहायता एवं गृह्परिचर्या ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कनिपला में विद्यालय के नोवी से बारहवि कक्षा के 100 विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता तथा गृह परिचरिया की पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक भी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों ने भी प्रैक्टिकल माध्यम से बढ़-चढ़कर प्राथमिक उपचार तथा गृह परिचरिया के गुर सीखें ।

## हरियाणा योग आयोग गीता महोत्सव पर आज से लगाएगा ध्यान योग शिविर



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)हरियाणा** के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं कर्मठ आयुष मंत्री अनिल विज के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, 2023 के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग 17 से 24 दिसंबर तक ब्रह्म सरोवर के उत्तरी तट स्थित मेडिटेशन हॉल में आठ दिवसीय योग व ध्यान साधना शिविर का आयोजन सभी योग संस्थाओं के सहयोग से करेगा । कश्यप राजपूत धर्मशाला में आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ हरिश चंद्र की अध्यक्षता में हुई सभी स्थानीय योग संस्थाओं की बैठक में यह निर्णय लिया गया । बैठक का संचालन हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य व शिविर के संयोजक डॉ मनीष कुकरेजा ने किया । प्रतिदिन प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक मेडिटेशन हॉल में विभिन्न संस्थाएं योग व ध्यान शिविर का अभ्यास करवायेंगी । 17 दिसंबर को हार्टफुलनेस, 18 को आयुष विभाग व श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, 19 को योग भारती व आरोग्य भारती, 20 को दिव्य योग मंदिर व 21 को आर्ट ऑफ लिविंग, 22 को भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), 23 को पतंजलि योग समिति व महिला पतंजलि योग समिति तथा 24 दिसंबर को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा योग आयोग के बैनर तले योग व ध्यान साधना के कार्यक्रम करवाए जाएंगे । 17 दिसंबर को सायं 3:00 से 5:00 बजे तक मेडिटेशन हॉल में ही मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा ध्यान प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । साथ ही 17 से 24 दिसंबर तक मेडिटेशन हॉल के पीछे ब्रह्म सरोवर पर स्थित गांधारी घाट के ऊपर आयोग द्वारा एक विशालदर्शनीय प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

## केन्द्र ने लगाई श्री भगवद्गीता सत्य बोध प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र , (दलबीर मलिक) ब्रह्मसरोवर** के तट पर स्टाल नंबर 672 से 675 में श्री मतभगवद्गीता सत्य बोध प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी ब्रहमाकुमारीज सेवा केन्द्र कुरूक्षेत्र , द्वारा लगाई गई। आज प्रद?र्शनी का उद्?घाटन उपेन्द्र सिंघल, मानद सचिव के डी बी कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में श्रीमद भगवद गीता, रा?जयोग के बारे जानकारी दी जाएगी व मेडिटेशन भी करवाया जायेगा। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विवि: कुरुक्षेत्र स्थानीय सेवाकेन्द्र द्वारा ब्रह्म सरोवर पर



भगवद्गीता सत्य बोध प्रदर्शनी में श्रीमद भगवद गीता करे, राजयोग बारे जानकारी दी जायेगी। इस प्रदर्शनी में चित्रों द्वारा श्री कृष्ण, श्री लक्ष?मी नारायण बारे सम्पूर्ण जानकारी दी जायेगी। इस आध्यात्मिक ज्ञान प्रदर्शनी में विशेष रूप से युवाओं के लिए राजयोग थॉट लैब की एक्सबिशन भी रखा गया इसमें समझाया गया कि किस प्रकार से हम अपने विचारों के सशक्तिकरण से अपने जीवन पर अधिक नियंत्रण पा सकते हैं कहा जाता है संकल्प से सृष्टि बनती है मानव मन दिन में करीब 50 से 70 हजार विचार करता है जिसमें से 90% नकारात्मक व व्यर्थ विचार होते हैं राजयोग के माध्यम से हम विचारो को सकारात्मक बना सकते हैं इस अवसर पर बी के राधा बहन बी के सुदर्शन बहन ,बी के निरु बहन ,बी के सतीश कत्याल, डॉ आर डी शर्मा, बी के हरबंस सिंह औजला, डॉ आबिद अली, बी के कर्ण सिंह, बी के कृष्ण, बी के शाम उपस्थित रहे

## झुक गई बड़ी-बड़ी सरकार तेरी मोरझड़ी के आगे...... पर झूमे श्याम भक्त

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)श्री** श्याम बाला जी सेवा संघ, कुरुक्षेत्र द्वारा हरगोविंद नगर में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्याम सेवक दिनेश गोयल ने बताया कि आयोजक देसराज सरदाना-पारस सरदाना परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल ने श्याम जी के भजनों के साथ-साथ हनुमान जी के भी भजन सुनाए। दुनिया में देव हजारों हैं, श्याम प्रभु का क्या कहना......, श्याम इस दिल में तेरा ही ठिकाना है, अब तुझे छोडकर. कहीं और नहीं जाना है......, काली कमली वाला मेरा



यार है..... और झुक गई बड़ी-बड़ी सरकार तेरी मोरझड़ी के आगे.... पर श्रद्धालु मस्ती में झूम उठे। खाटू श्याम के बारे में विख्यात है कि आज भी वे माता को दिए वचन के अनुसार इस संसार में हारने वाले इंसान का साथ देते है। इनके दरबार में जो हार कर जाता है, जीत कर वापिस आता है।

दिनेश गोयल ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य श्री श्याम प्रभु एवं बाला जी प्रचार प्रसार करना है। संघ द्वारा दो दिवसीय खाटू श्याम दर्शन यात्रा,मासिक कीर्तन एवं ताली कीर्तन का आयोजन किया जाता है। श्याम आरती में संजय गर्ग, दिवाकर बंसल, दीपक चंद, विशाल,उमेश शर्मा,भूपेंद्र सरदाना,अमित भारती,राज रानी,ममता और रीटा गोयल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

## किसान के खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत। मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव माहरा में किसान के खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने बिजली निगम को अवगत करवाया। निगम अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मोहाना क्षेत्र में बिजली निगम में कार्यरत राजमल जेई ने बताया कि किसान ने गत 15 दिसंबर को उसे अवगत करवाया कि गांव माहरा में किसान जगदीश के खेत में निगम की तरफ से बिजली सप्लाई देने के लिए ट्रांसफार्मर रखा था।

## सांपला रोड़: हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल ने धूमधाम से मनाया मासिक उत्सव

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी खरखौदा के सांपला** रोड पर स्थित हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने एक शानदार प्रोग्राम परिवर्तन - "एक आगाज" का मासिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। स्कूल चैयरमैन अनीश दहिया व प्रधानाचार्या सुमित द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद सरस्वती वंदना, रामलीला, गिद्दा व विभिन्न प्रकार के नृत्य नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए।

चैयरमैन अनीश दहिया ने बताया कि परिवर्तन - "एक आगाज" कार्यक्रम में के - जी कक्षा के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया।नन्हे बच्चें द्वारा एक कविता के माध्यम से बताया



गया कि बारिश की बूंदे भले ही छोटी हो, लेकिन उनका लगातार बरसना, बड़ी नदियों का बहाव बन जाता है वैसे ही हमारे छोटे-छोटे प्रयास भी, जिंदगी में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं इसके साथ-साथ बच्चों ने बड़े मनमोहन तरीके से कहानी स्वयं परिचय व विभिन्न प्रकार के रोल प्ले किए जैसे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस , शहीदे आजम भगत सिंह, श्री राम, सीता और हनुमान आदि। सभी बच्चों ने बड़े जोर से अपनी प्रस्तुतियां पेश की।

## सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव के अवसर पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा शनिवार को ब्रह्मसरोवर के तट पर 749 नंबर स्टॉल पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 36 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। समिति के कोषाध्यक्ष ऋषिपाल गोलन ने कहा कि हम सभी को जीवन में रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के लिए सभी को बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की जनसंख्या का एक प्रतिशत यूनिट ब्लड बैंक में हमेशा उपलब्ध होना चाहिए जिससे गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की कमी पूरी की जा सके। रक्त की कमी वालों के लिए जरूरत की पूर्ति जीवनदान जैसी है। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, जिलाध्यक्ष पुनीत सेतिया, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, कर्मवीर सैनी, कन्नू प्रिया, सविता मदान, दर्शन लाल मौजूद रहे। शिविर में पार्थ ब्लड सेंटर से संजीव वर्मा व उनकी टीम ने रक्त संग्रहित किया। रामेश्वर सैनी ने बताया कि रविवार 17 दिसंबर को भी स्टॉल पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

## मुथूट एक्जिम ने गाजियाबाद में खोला पहला गोल्ड पॉइन्ट सेंटर

**गाजियाबाद। मुथूट पप्पचन** ग्रुप (जिसे मुथूट ब्लू के नाम से भी जाना जाता है) की प्रेशियस मैटल शाखा मुथूट एक्जिम (प्रा) लिमिटेड ने गाजियाबाद के अम्बेडकर रोड पर नया मुथूट गोल्ड पॉइन्ट सेंटर खोला है। यह गोल्ड पॉइन्ट सेंटर मुथूट एक्जिम की ओर से दिल्ली एनसीआर में चौथा सेंटर होगा, जो उपभोक्ताओं को उनका सोना बेचने के लिए भरोसेमंद, विश्वस्तरीय और पारदर्शी प्रक्रिया उपलब्ध कराएगा। क्षेत्र के अन्य गोल्ड पॉइन्ट सेंटर दिल्ली, नोएडा और गुरूग्राम में स्थित हैं। इस नई शाखा के साथ अब देश भर में कंपनी के 20 गोल्ड पॉइन्ट सेंटर हो गए हैं, जिनमें दो ह्यमोबाइल मुथूट गोल्ड पॉइन्ट (मुंबई और बैंगलुरू) शामिल हैं, जो उपभोक्ताओं के घर से गोल्ड कलेक्ट करते हैं। मुथूट एक्जिम अपने गोल्ड पॉइन्ट सेंटर के माध्यम से सीधे उपभोक्ताओं से सोना खरीदता है, जिसे बाद में डोमेस्टिक उपयोग के लिए प्रोसेस, रिफाइन्ड और सप्लाई किया जाता है। लॉन्च के महत्व पर बात करते हुए श्री थॉमस मुथूट, एक्जक्टिव डायरेक्टर- मुथूट पप्पचन ग्रुप एवं मैनेजिंग डायरेक्टर- मुथूट एक्जिम ने कहा, ह्यह्यहर नया लॉन्च हमें हमारे उपभोक्ताओं के और करीब ले आता है। हम विभिन्न प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज के माध्यम से भारत के आम लोगों की जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं और मुथूट एक्जिम मुथूट पप्पचन ग्रुप का तेजी से विकसित होता कारोबार है। आने वाले समय में भी इसी तरह से आगे बढ़ते हुए उपभेक्ताओं की उम्मीदों पर खरे उतरते रहेंगे। पहले गोल्ड सेंटर का लॉन्च 2015 में कोयम्बटूर में किया गया था, तब से कंपनी ने अन्य शहरों जैसे मुंबई, बैंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, मदुराई, विजयवाड़ा, अनार्कुलम (कोची), नोएडा, पुणे, हैदराबाद, इंदौर, विशाखापटनम, गुरूग्राम, मैसुरू और राजामुंद्री में विस्तार किया है।

# वर्ल्ड कबड्डी नामक संस्था ने मनोहर लाल से की भेंट

## महिला कबड्डी को विश्व में बढ़ावा देने की मुहिम में सहयोग का सीएम ने दिया आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के पारंपरिक खेल कबड्डी को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए आज ह्यवर्ल्ड कबड्डीह्न नामक संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने हिपसा अध्यक्ष के साथ नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल से औपचारिक भेंट कर हरियाणा को कबड्डी विशेषकर महिला कबड्डी को बढ़ावा देने में लीड करने का आग्रह किया है। हरियाणा को कबड्डी खेल का जनक माना जाता है और इस प्रदेश को भारत की खेल राजधानी कहा जाता है। इस प्रतिनिधि मंडल में वर्ल्ड कबड्डी संस्था के अध्यक्ष श्री अशोक दास (इंग्लैंड), महासचिव एसटी अरासू (मलेशिया) व श्रीमति कवल राज (इंग्लैंड), उपाध्यक्ष डा. ओसामा सैद हाशम (मिश्र), कार्यकारिणी सदस्य सुश्री परपेचुअल म्बूतु (केनिया) शामिल



थे। इस मौके पर होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्टस एसोसिएशन ( हिपसा) की अध्यक्ष श्रीमति कांथि डी सुरेश, हरियाणा भवन के प्रधान स्थानीय आयुक्त डा. डी सुरेश तथा मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान ओएसडी नीरज दफ्तुआर भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि उनकी सरकार पहले से ही बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ व बेटी खिलाओ की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने हरियाणा के पारंपरिक खेल कबड्डी को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास की प्रशंसा की। सीएम ने कहा कि हरियाणा में बचपन से ही गांव-गांव में कबड्डी व कुश्ती खेले जाते हैं। उन्होंने हिपसा व वर्ल्ड कबड्डी के प्रतिनिधियों से कहा कि आप कबड्डी का देश विदेश में प्रसार करें और इसके लिए हरियाणा सरकार पूरा सहयोग देने को तैयार है। सीएम श्री मनोहर लाल ने अपनी खेल के प्रति भावनाएं प्रकट करते हुए कहा कि कबड्डी उनका भी पसंदीदा खेल रहा है और अब भी जब कहीं राहगिरी का कार्यक्रम होता है तो उसमें कभी कभी कबड्डी खेल में वे हिस्सा लेकर दूसरों को कबड्डी खेलने के लिए प्रेरित करते हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जब महिला कबड्डी के विश्व स्तर पर पहचान दिलाने की इस मुहिम का पता चलेगा तो वे बहुत खुश होंगे क्योंकि वे भी स्थानीय खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। इस प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री श्री

**आश्वासन**

**8 महिला कबड्डी को विश्व में बढ़ावा देने की मुहिम में सहयोग का सीएम ने दिया आश्वासन**

मनोहर लाल को बताया कि उनका संगठन विश्व के 50 से अधिक देशों में सक्रियता से काम कर रहा है। हिपसा के साथ मिलकर इस संगठन का लक्ष्य विश्व स्तर पर कबड्डी खेल ( नेशनल स्टाइल) को बढ़ावा देना है और इस खेल को ओलंपिक में शामिल करवाना है।
उन्होंने बताया कि अभी तक कबड्डी एशियाई खेलों में ही शामिल है। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि उनका लक्ष्य महिला कबड्डी ( नेशनल स्टाइल) का पहली बार वर्ल्ड कप करवाना है। इसके लिए पहले चरण में 20 देशों की पहचान की गई है और हर वर्ष 20 नए देश जोड़े जाएंगे। इस प्रकार पूरे विश्व में महिला कबड्डी का प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि खेलों की कोई भाषा नहीं होती है। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि विश्व स्तर के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करते हुए एक दूसरे के देश में खेले जा रहे खेल को समझने का मौका देने के लिए ट्रेनिंग कैंप आयोजित करने पर भी विचार किया गया है। भारतीय खिलाड़ी विशेषकर महिलाएं विश्व के दूसरे देशों में जाकर वहां की कबड्डी के खेलने के तौर तरीके जान सकेगीं और इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी होगा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सन 2019 से वे हर वर्ष 24 मार्च को वर्ल्ड कबड्डी डे मनाते आ रहे हैं और वर्ष 2024 में इस दिवस का थीम- ह्यकबड्डी क्रिएटिड बाय मेन एंड परफेक्टिड बाई विमेनह्न रखा गया है।

# गबन के मामले में बी.डी.पी.ओ. खन्ना निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

पंजाब के ग्रामीण विकास और पंचायत मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के दिशा-निर्देशों पर विभाग ने खन्ना के ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बी.डी.पी.ओ) कुलविन्दर सिंह रंधावा को कोश के गबन के मामले में तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भुल्लर ने बताया कि बी.डी.पी.ओ. खन्ना कुलविन्दर सिंह रंधावा के विरुद्ध शिकायतों के आधार पर ज़िला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डी.डी.पी.ओ), लुधियाना को जांच सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि डी.डी.पी.ओ लुधियाना द्वारा प्राप्त रिपोर्ट में बताया गया कि कुलविन्दर सिंह रंधावा ने पंचायत समिति खन्ना के कोश का दुरुपयोग किया और अनाधिकृत खाते खुलवा कर बिना मंज़ूरी के 58.25 लाख रुपए की गलत ढंग से अदायगियाँ कीं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इन आरोपी के आधार पर कुलविन्दर सिंह रंधावा बी.डी.पी.ओ खन्ना को सरकारी सेवा से तुरंत निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान अधिकारी का हेडक्वार्टर दफ़्तर ज़िला विकास एवं पंचायत अधिकारी, एस.ए.एस नगर होगा। आदेशों के मुताबिक निलंबित अधिकारी को पंजाब सिविल सेवाएं रूल्ज के नियम 7.2 के अधीन नियमों और शर्तों के अनुसार गुजारा भत्ता दिया जाएगा। लोगों को पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन देने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कैबिनेट मंत्री. लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ड्यूटी में कोताही, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले सामने आने पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि आधार केंद्रों की कार्यशैली का निरीक्षण करने के लिए समय-समय पर आकस्मिक जांच की जाती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़े युवा पीढ़ी: शिक्षा मंत्री कंवरपाल

**चंडीगढ़** : हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री कंवरपाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे। कैबिनेट मंत्री श्री कंवरपाल शनिवार को जिला यमुनानगर के गांव इस्माइलपुर, भूल खेड़ी व नत्थनपुर गांव में आयोजित विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि साढ़े नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनेक्शन के लिए लाइनें लगती थी, आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है, यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह मोदी जी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में नत्थनपुर गांव में मंत्री सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री ने यात्रा के बारे में सभी को बधाई दी और कहा कि यह यात्रा गांव-गांव मे पहुंच रही है। अब लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग संकल्प यात्रा में लगी फोटो की सैल्फी लेकर अपलोड कर रहे है। इससे पता चलता है कि लोगों में काफी उत्साह है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवरपाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैं,और अपना काम कराने की कोशिश करते हैं, मगर आज सभी कार्यालय आपके गांव में आए हैं। पीएम मोदी जी पहल पर सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके दरवाजे पर आ रही है। ह्यविकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि ह्यभारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मोबाइल वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश का प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सफलता की कहानियां साझा करते हुए अपने-अपने अनुभवों के बारे में बताया कि कैसे वह और उनका परिवार सरकार की अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण को समर्पित योजनाओं का लाभ उठाकर बेहतर व अच्छे तरीके से अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

### सरकार समाज के गरीब, महिला, किसान व युवा उत्थान के लिए कृतसंकल्प: विधायक ईश्वर सिंह

**चंडीगढ़** - विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को कैथल के गांव पीड़ल व थेहनेवल में पहुंची। गांव में पहुंचने पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री ईश्वर सिंह ने शिरकत की। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स पर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आमजन की परिवार पहचान-पत्र, बुढ़ापा पेंशन, राशन कार्ड आदि समस्याओं का भी निराकरण किया गया। इस दौरान वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। विधायक श्री ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार समाज के गरीब, महिला, किसान व युवा उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। यात्रा के दौरान सभी पात्र व्यक्ति केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। अब तक योजना के लाभ से वंचित पात्र व्यक्तियों को मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभ दिया जा रहा है। लाल डोरे से अन्दर की जमीन का मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व योजना क्रियान्वित की जा रही है। सरकार द्वारा गरीब पात्र व्यक्तियों को 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जा रही है। वे विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों को सफल बनाकर घर द्वार पर योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए लगाए गए।


# हरियाणा सरकार इजराइल भेजेगी दस हजार कुशल श्रमिक

**चंडीगढ़।** हमास के साथ जंग के चलते मानव श्रम की कमी से जूझ रहे इजरायल को अब हरियाणा सरकार 10 हजार कुशल श्रमिक भेजेगी। साथ ही दुबई के लिए 50 बाउंसर और यूनाइटेड किंगडम (यूके) स्थित कैंब्रिज यूनिवर्सिटी अस्पताल के लिए 120 स्टाफ नर्सें हरियाणा से भेजी जाएंगी। युवाओं को विदेश में नौकरी के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने विज्ञापन जारी किया है। इजरायल जाने वाले श्रमिकों को हर महीने 6100 एनआईएस (इजरायली मुद्रा) मिलेंगे, जो भारतीय करेंसी में 1.34 लाख रुपये के बराबर हैं। इजरायल के लिए जो कुशल श्रमिक भेजे जाएंगे।

# सरकार है किसान हितैषी, बाढ़ प्रभावित किसानों को दी मुआवजा राशि: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा के किसान कड़ी मेहनत करके देश को खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर बनाने में अहम योगदान दे रहे हैं।
वर्तमान राज्य सरकार किसानों की हितैषी है। सरकार ने बाढ़ से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दोबारा से फसलों की बिजाई करने वाले किसानों को प्रति एकड़ सात हजार रुपये का मुआवजा दिया है। प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों के लिए किसानों को पिछली सरकार ने 10 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा राशि दी जाती थी, उसे बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ किया गया है। पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को



11 हजार करोड़ रुपये की मुआवजा राशि दी है, जिसमें पिछली सरकार की बकाया 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि भी शामिल है। सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान के सत्यापन और प्रभावित लोगों को मुआवजे के वितरण की प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल शुरू किया था, जोकि कारगर साबित हुआ है। पराली का उपयोग कर बिजली बनाने के लिए कुरुक्षेत्र, कैथल, फतेहाबाद एवं जींद में बायोमास परियोजनाएं शुरू की गई, जिनसे 30 ेगावाट विद्युत उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा, पराली का उपयोग जैव ईंधन बनाने में भी किया जा रहा है। पानीपत रिफाइनरी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 10 अगस्त, 2022 को 2जी इथेनॉल प्लांट का लोकार्पण

**मुआवजा**

**8 जिसमें पिछली सरकार की बकाया 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि भी शामिल है।**

किया था। 2जी के बाद अभी 3जी प्लांट भी पानीपत रिफाइनरी में लग गया है, जो दुनिया का पहला रिफाइनरी ऑफ गैस आधारित 3जी इथेनॉल प्लांट होगा। 2जी इथेनॉल प्लांट में पराली की खपत सुनिश्चित करने के लिए 1,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री आज यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किसानों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई ह्यपी.एम. किसान सम्मान निधि योजनाह्न की 15वीं किस्त के लाभार्थी किसान भी आज हमारे साथ जुड़े हुए हैं। प्रदेश के 8 लाख 74 हजार किसानों को किस्त के तौर पर 175 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने बताया कि गोशालाओं में भी पराली की खपत को प्रोत्साहित करने के लिए 500 रुपये प्रति एकड़ की दर से अधिकतम 15 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेती की जमीन कम हो रही है। सरकार की अफ्रीकी देशों से बात हुई है। हमारे किसान वहां जाकर खेती कर सकेंगे। इसके लिए सरकार योजना बना रही है।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर सीएम कर रहे हैं सदन को गुमराह: सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कहा कि सरकारी स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं दी गई है जबकि पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकारी स्कूलों में सुविधाओं को लेकर सरकार को खरी खरी सुनाई है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने गलत बयान देकर न केवल विधानसभा को बल्कि हाईकोर्ट को भी गुमराह करने का काम किया है। एक झूठ को छिपाने के लिए सरकार बार-बार झूठ बोले जा रही है जबकि सरकार को अपनी गलती मानते हुए सभी सरकारी स्कूलों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं

**8 हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा सरकारी स्कूलों में कम क्यों हो रही है विद्यार्थियों की संख्या**

उपलब्ध करवानी चाहिए। हाईकोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है कि सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या कम क्यों होती जा रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार अपनी ही योजनाओं को अमली जामा पहनाने के बजाए कागजों का पेट भरने में लगी हुई है यानि गठबंधन सरकार केवल और केवल आंकड़ों का खेल खेल रही है। उन्होंने कहा कि कैथल जिला के गांव बालू के स्कूल के विद्यार्थियों की।


आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा है आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES


# अभय सिंह चौटाला की परिवर्तन यात्रा शाहबाद हलके में पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/शाहबाद**

इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला द्वारा 24 फरवरी को शुरू की गई परिवर्तन पदयात्रा के दूसरे चरण में परिवर्तन रथयात्रा शनिवार को कुरूक्षेत्र जिला के हलका शाहबाद पहुंची। लोगों ने फूल मालाओं से अभय सिंह चौटाला का भव्य स्वागत किया। इस दौरान सैंकड़ो लोग भाजपा, जजपा और कांग्रेस को छोडकर इनेलो पार्टी में अपनी आस्था जताते हुए शामिल हुए। अभय सिंह चौटाला को सुनने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जनसभा में पहुंची और इस नजारे को देखकर अभय सिंह चौटाला गद-गद नजर आए। अभय सिंह चौटाला ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने परिवर्तन यात्रा इसलिए शुरू की थी क्योंकि भाजपा



और जेजेपी ने चुनावों से पहले जो वादे प्रदेश की जनता से किए थे उन वादों को पूरा करने की बजाय लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। भाजपा और जेजेपी ने हरियाणा प्रदेश में अराजकता का माहौल बना दिया। प्रदेश में विकास करने के बजाय भाजपा गठबंधन सरकार ने भ्रष्टाचार और घोटाले कर लूटना शुरू कर दिया। आज भाजपा गठबंधन सरकार से किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, युवा और बुजुर्ग समेत हर वर्ग बेहद दुखी है। यहां तक की स्कूल में बच्चे भी बेहद दुखी हैं। वहीं कांग्रेस जो मुख्य विपक्षी दल है उन्होंने बजाय लोगों की आवाज उठाने के आपस मे जूतम पैजार शुरू कर दी और उनकी लड़ाई पूरे प्रदेश के लोगों के सामने खुलकर आ गई जिसके कारण प्रदेश के लोगों का भरोसा कांग्रेस के उपर से पूरी तरह से उठ गया है। हरियाणा प्रदेश चौ. देवीलाल का लगाया हुआ पौधा है। भाजपा-जेजेपी सरकार और कांग्रेस के कारण प्रदेश के लोगों की जिस तरह से बेकद्री और अनदेखी हो रही है उससे हरियाणा प्रदेश बबार्दी के कगार पर पहुंच गया है। इसलिए चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने यह निर्णय लिया कि अब गठबंधन सरकार की बेकायदगियों को प्रदेश के लोगों के सामने रखने की यह जिम्मेदारी इनेलो पार्टी संभालेगी और पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता न केवल उनका विरोध करेगाबल्कि तब तक लोगों की लड़ाई लड़ेगा जब तक उनके साथ न्याय न हो जाता।

# पाढा व उपलानी गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## कार्यक्रमों में उपस्थित हजारों लोगों ने सुना प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत 2047 तक संकल्प यात्रा देश के हर गांव-गांव पहुंच रही है। इसी कड़ी में यह यात्रा शनिवार को असंध उपमंडल के पाढा, पक्का खेड़ा, चोचडा.व उपलानी गांव में पहुंची। हर गांव में यात्रा का ग्रामीणों द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सरदार बक्शीश सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र सिंह चौहान तथा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगदेव पाढ़ा ने शिरकत की। इस दौरान उपलानी व पक्का खेड़ा के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी का एलईडी स्क्रीन पर लाइव संबोधन भी सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश के महिला आत्मनिर्भर होंगी तो देश को बहुत ज्यादा फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत यात्रा की कमान अब पूरे देश ने सम्भाल ली है। देश का हर जन-मन इस यात्रा को लेकर अति उत्साहित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका है। केंद्र की सरकार भी अमृत और स्मार्ट मिशन के तहत शहरों में काम कर रही है। इसी कड़ी में केन्द्र की सरकार युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न शहरों से सरकारी योजनाओं के अनेकों लाभार्थियों से भी सीधा सवांद भी किया और उनके साथ अनुभव सांझा किए। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोग उठाये। इस दौरान पूर्व विधायक सरदार बक्शीश सिंह ने कहा कि मोदी सरकार का अब तक का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है।



# फोटो और वीडियो बनाकर वायरल कर पैसों की डिमांड करने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** थाना साइबर की टीम द्वारा फोटो और वीडियो एडिट करके फेक इंस्टाग्राम आईडी से वायरल करने और पैसों की डिमांड करने वाले आरोपी हर्ष केसरी पुत्र राजेश केसरी वासी भोला कॉलोनी, ईदगाह रोड दिल्ली ईस्ट को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में महिला शिकायतकर्ता निवासी सदर बाजार करनाल ने 22 नवंबर को शिकायत दी कि किसी व्यक्ति द्वारा उसके नाम से इंस्टाग्राम पर फेक अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो और वीडियो पर उसकी तस्वीर लगाकर शिकायतकर्ता के पास भेज रहा है। शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की डिमांड कर रहा है। जब शिकायतकर्ता ने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपी ने शिकायतकर्ता के फेक इंस्टाग्राम अकाउंट से उसकी फोटो और वीडियो एडिट करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। आरोपी शिकायतकर्ता को पुलिस के कंप्लेंट न करने की भी धमकी देता है। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना साइबर में आईपीसी की धारा 354, 384, 506, 509 और 67ए आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।



## न्यूज फ्लैश

### युवती नकदी और गहने लेकर हुई फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा जिल के** एक गांव से रात को युवती भाग गई। वह अपने साथ हजारों की नकदी व गहने लेकर गई है। लडकी ने एक लेटर भी छोड़ा है, जिसमें उसने लिखा है कि वह अपनी मर्जी से गई है। परिजनों ने युवती की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गांव की 19 वर्षीय युवती 14 दिसंबर की रात को घर से लापता हुई। परिजनों को शुक्रवार की सुबह युवती के बेड पर एक पत्र पड़ा मिला, जिसमें लिखा था कि वह अपनी मर्जी से गई है। इसके बाद परिजनों के पैरों तले की जमीन खिसक गई। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उन्होंने अपने घर की अलमारी चेक की तो उसमें से 35 हजार रुपए की नकदी और गहने गायब मिले। आभूषणों की कीमत करीब 30 हजार रुपए है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि युवती का मोबाइल भी घर पर नहीं था। उन्होंने मोबाइल पर भी कॉल किया, लेकिन फोन बंद आया। सारा दिन तलाश करने के बाद देर रात उन्होंने मामले की शिकायत मधुबन पुलिस को दी। जांच अधिकारी आशा ने बताया कि युवती के लापता होने की शिकायत मिली है। गुमशुदगी रपट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

### कुचपुरा और सिंघड़ा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव कुचपुरा और सिंघड़ा पहुंची। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा की भाजपा की नीति और नियत साफ है और नेताओं की कथनी-करनी एक है। सरकार ने गरीबों, किसानों और समाज के अन्य वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। गांव सिंघड़ा में मुख्य मेहमान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने कहा कि आज सरकार आपके द्वार आई है। अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। कुचपुरा पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि अंग्रेज सिंह ने और सिंघड़ा में सरपंच कमलजीत कौर ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अमरनाथ सौदा और मीना चौहान ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। सिंघड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संदेश सुनाया गया। साथ ही हरियाणा के विकास पर लघु फिल्म दिखाई गई। लोक संपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किया। निसिंग ब्लॉक के मंडल प्रभारी हरपाल कलामपुरा ने दोनों गांवों में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

कुचपुरा में अमरनाथ सौदा ने बताया कि हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल 70 वेन 6 लाख लोगों तक पहुंच चुकी हैं। लोगों को केंद्र व राज्य की राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। मौके पर ही पात्र लोगों की पेंशन बनाई जा रही है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराई जा रहे हैं और लोगों की अन्य समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य भी जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और फीडबैक प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिना पर्ची बिना खर्ची के अब तक 1.10 लाख नौकरियां दी जा चुकी हैं और 60 हजार पाइप लाइन में हैं। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा है और उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को धुएं से छुटकारा दिलाया है। हरियाणा में पंचायत में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। घर-घर शौचालय का निर्माण कराया है। उज्ज्वला के तहत कनेक्शन- कुचपुरा में 6 महिलाओं कृष्णा, सुनीता, रानी, पूजा, काजल और सुमन को तथा सिंघड़ा में कृष्णा देवी, राजवंति, दुर्गा देवी, सोनिया, सुमन व धनपति को उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। छह महिलाओं को पेंशन बनाई- गांव कुचपुरा में तीन महिलाओं बाला, बिमला और मोहनलाल की मौके पर ही पेंशन बनाई गई। सिंघड़ा में सूरजभान, किरण देवी और सावित्री की पेंशन बनाई गई। अनुभव साझा किए-सिंघड़ा में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सूरजभान ने विचार साझा किए। चार टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट वितरित की गई।

# चम्बा कालोनी में पानी की पाईप लाईन बिछाने का कार्य शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। वार्ड-8** की चम्बा कालोनी वासियों की पानी की समस्या को लेकर लम्बित मांग आज पूरी हो गई। सिंचाई विभाग द्वारा चम्बा कालोनी में पीने के पानी की पाईप लाईन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। कालोनी वासी काफी समय से पानी के समस्या से जूझ रहे थे, जिसे लेकर जनसंवाद कार्यक्रम में भी कालोनीवासियों एवं पार्षद मेघा भंडारी ने उनकी इस समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था। मुख्यमंत्री ने जनहित के कार्य को देखते हुए कालोनीवासियों की इस मांग को पूरा किया है। अब वार्ड की कालोनी के निवासियों को अंतिम छोर तक स्वच्छ एवं साफ. सुथरा पानी उपलब्ध होगा। पार्षद मेघा भंडारी ने वार्ड-आठ की इस मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया और मेयर रेनू बाला गुप्ता का आभार व्यक्त किया।



## दो भगोड़े घोषित अपराधी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। पीओ** स्टॉफ की टीम ने दो पीओ अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दोनों अपराधियों को आज न्यायालय में पेश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला पुलिस के सभी थानों और पीओ स्टाफ की टीम द्वारा प्रतिदिन पीओ एवं बेल जंपर अपराधियों को पकड़ा जा रहा है। 15 दिसंबर को पीओ स्टॉफ की टीम द्वारा थाना तरावड़ी के साल 2021 के स्नैचिंग के एक मुकदमे में अदालत के आदेशों की उल्लंघना करने वाले दो पीओ आरोपी आकाश पुत्र पप्पूनाथ और कृष्णनाथ पुत्र धनपतनाथ वासियान डेरा जोगी लत्यानी जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करने पर सेशन जज दविंदर के आदेशानुसार 29 मई को पीओ घोषित किया गया था। इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना तरावड़ी में आईपीसी की धारा 174ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# सनातन धर्म मंदिर रामनगर में किया गया ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। सनातन** धर्म मंदिर रामनगर में ओम नमः शिवाय जाप परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। कार्यक्रम में सेवादार संजय टिक्का, ज्योति, बबीता और मिड्ढा ने तेरे मेरे बीच में कैसा है ये बंधन, ओ भोले बाबा के भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सेवादार ने संगीतमय धुनों पर हरिओम नमः शिवाय का जाप किया। शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरूआत हुई। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया। फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर 108 बार राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया। भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ठंड में भी श्रद्धालु उत्साह से अपनी हाजरी लगाते हैं। शिव भक्त नरेश छाबडा, अनिल, सतीश शर्मा, शंटी सचदेवा, रोहित ग्रोवर, कपिल ढल, अशोक दुआ व इंद्रजीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।



# करनाल में मामा-भांजा हनीट्रैप गैंग ने युवती से करवाई फ्रेंडशिप

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। करनाल** में मामा-भांजा का हनीट्रैप गैंग सामने आया है। इन्होंने एक युवक को हनीट्रैप में फंसा लिया। उससे चैटिंग करते हुए एक युवती ने अपनी न्यूड फोटो युवक को भेजी और उसके बदले युवक की न्यूड फोटो मंगवा ली। इसके बाद वह युवक को ब्लैकमेल करने लगी। पहले युवती ने 10 लाख रुपए मांगे। युवक ने बदनामी के डर से रुपए दे दिए। इसके बाद वह लगातार मांग करते हुए अब तक करीब 35 लाख रुपए वसूल चुकी है। जब युवक ने अपनी मजबूरी बताई कि वह इतने रुपए एक साथ नहीं दे सकता तो उसे रोजाना किश्त देने को कहा गया। इसके बाद वह रोजाना 3 हजार रुपए युवती को ट्रांसफर करता रहा। 2018 से लेकर अब तक हनीट्रैप में फंसा यह ब्लैकमेलिंग का धंधा चल रहा है। जब घर वालों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने पुलिस प्रशासन का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। युवक को हनीट्रैप में फंसवाने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका पड़ोसी है। पीड़ित का आरोप है कि उसके पड़ोसी संजय शर्मा ने अपने भांजे शीशन के साथ मिलकर उसे साजिशन लडकी के जाल में फंसाया। शीशन गांव में ही पढ़ता है। वर्ष 2018 में संजय पीड़ित के पास आया था। युवक उस समय अविवाहित था। संजय ने उसे किसी लडकी के साथ फ्रेंडशिप करवाने और फिर बाद में शादी करवाने के जाल में फांसा। शिकायतकर्ता भी संजय की बातों में आ गया और उसने संजय द्वारा दिए गए नंबर पर चैटिंग शुरू कर दी। जींद बस स्टैंड पर युवक ने कुछ मिनट के लिए युवती से मुलाकात भी की थी। बातें होती रही और लडकी ने इस कद्र युवक को फंसाया कि चैटिंग के दौरान ही उसने अपनी न्यूड तस्वीरें युवक को भेज दीं। युवक ने भी अपनी न्यूड फोटो लडकी के नंबर पर भेज दी। युवती के पास न्यूड फोटो जाते ही युवक के पास धमकी भरे मैसेज आने शुरू हो गए, जिसमें युवक को धमकी दी गई कि अगर 10 लाख रुपए नहीं दिए तो तुम्हें समाज में रहने लायक नहीं छोड़ेंगे। पीड़ित ने अपने पड़ोसी संजय को लडकी द्वारा दी गई धमकी के बारे में बताया तो पडोसी ने कहा कि वे बदमाश किस्म के लोग हैं और 10 लाख रुपए देने पड़ेंगे। पड़ोसी ने कहा कि उसने लडकी को 10 लाख रुपए दे दिए हैं और इस पैसे को शिकायतकर्ता डेली किश्तों के हिसाब से अदा कर दे। मई 2020 से मई 2021 तक करीब 9 लाख रुपए आरोपियों तक पहुंच चुके थे। बात 10 लाख तक ही नहीं रुकी थी। संजय ने 10 लाख रुपए का ब्याज, एक लाख रुपए बकाया और पांच लाख रुपए और अदा करने के लिए कहा। जिस पर आरोपी संजय ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो उसके खिलाफ लडकी द्वारा कार्रवाई कराई जाएगी। इसके बाद युवक घबरा गया और उसने किश्तें देनी जारी रखी। कभी संजय पैसे लेकर जाता था तो कभी उसका भांजा शीशन पैसे ले जाता था। कई बार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी की गई थी। वहीं मई 2022 तक साढ़े 9 लाख रुपए आरोपियों को दिए गए। उसके बाद फिर संजय का मैसेज आया कि बकाया रकम, ब्याज व 5 लाख रुपए और अदा करने पड़ेंगे। अक्टूबर 2023 तक पीडित से करीब 34 लाख 80 हजार रुपये हनीट्रैप में फंसा कर हड़प लिए। धमकियों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा था।

# इग्नू में जनवरी 2024 सत्र के लिए दाखिले शुरू: डॉ. धर्मपाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल। इग्नू के** क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्म पाल ने बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए भारत की सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात केंद्रीय विश्वविद्यालय है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)। इग्नू में दाखिले के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए जनवरी 2024 सत्र की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उन्होंने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते हैं, उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते नियमित कॉलेज या विश्वविद्यालय में दाखिला नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और विश्वविद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। नौकरी पेशा वाले लोग भी आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते हैं। इग्नू से विभिन्न तरह के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है। इग्नू के सभी पाठ्यक्रमों की सूची एवं जानकारी इग्नू की वेबसाइट 222.द्बद्दठ्ठशह.ड्ड.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है।

# कई मामलों में मारपीट कर गहरी चोट पहुंचाने वाले चार आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल थाना** घरौंडा और सदर की टीम द्वारा घर में घुसकर व रास्ता रोक कर मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में थाना घरौंडा की टीम ने मामूली कहासुनी की रंजिश में मारपीट कर गहरी चोट पहुंचाने वाले दो आरोपी शुभम व संदीप पुत्र नरेश वासियान कैमला को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सुदेश पत्नी अनिल वासी कैमला ने शिकायत दी थी कि नामजद आरोपियों ने पहले हुई मामूली कहा सुनी की रंजिश में शिकायतकर्ता के पति अनिल को बस स्टैंड कैमला पर जाते हुए रास्ता रोक कर लाठी, डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था। इसकी शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में लड़ाई झगड़े के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# गोशाला से मैनेजर लाखों का गबन करके हुआ फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। अर्जुन** गेट पर स्थित श्री राधा कृष्ण गोशाला से मैनेजर लाखों रुपए का गबन करके फरार हो गया। इस दौरान आरोपी ने करीब 7.43 लाख की चोरी व कर्मचारियों के साथ भी धोखाधड़ी की। मैनेजर एक माह पहले अचानक ही फरार हो गया था। इतना ही नहीं आरोपी रसीद बुक व अन्य जरूरी दस्तावेज भी साथ ले गया। आज गोशाला प्रधान ने इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय मोती नगर निवासी नवीन शर्मा अगस्त 2017 से श्री राधा कृष्ण गोशाला में मैनेजर के पद पर तैनात है। गोशाला की देखरेख और हिसाब-किताब मैनेजर के पास ही रहता है। उसी के पास लॉकर की चाबी रहती है। 13 नवंबर को नवीन शर्मा अचानक गोशाला से भाग गया, जो अपने साथ गोशाला की दो रसीद बुक भी लेकर गया है। गोशाला कमेटी ने खातों की जांच की, जिसमें गड़बड़ी पाई गई। कमेटी ने जांच की तो पता चला कि लॉकर में रखे 7 लाख 43 हजार 728 रुपए भी चोरी हैं, जो 13 नवंबर को ही गोशाला के लॉकर में रखे थे और चाबी मैनेजर के पास ही थी। गोशाला प्रधान कृष्ण लाल तनेजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मैनेजर ने कर्मचारियों के साथ भी ठगी करके लाखों रुपए का गबन किया है। एक बड़ा घोटाला होने की आशंका है, जिसका अनुमान लाखों में हो सकता है। जब गोशाला कमेटी ने आरोपी पर पैसे वापस करने का दबाव बनाया तो उसने दो लाख रुपए गोशाला में काम करने वाले वेटरनरी डॉक्टर अमित कुमार के खाते में ट्रांसफर कर दिए। कहा कि ये पैसे गोशाला से निकाले हैं और आप इन पैसों को गोशाला में जमा करवा देना।



# कर्मठता से आमजन के कार्यों का निपटारा करें सरकारी कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित भारत** संकल्प यात्रा का सिलसिला निरंतर जारी है। शनिवार को यात्रा करनाल ब्लॉक के गांव ढाकवाला रोडान व चूंडीपुर में पहुंची। इस दौरान बतौर मुख्यातिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचकर अलग-अलग विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कर्मठता से आमजन के कामों को निपटाने के निर्देश भी दिए। चूंडीपुर गांव में गांववासियों के साथ-साथ विधायक हरविंद्र कल्याण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को आनलाइन सुना। इस दौरान एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता भी मौजूद रहे। गांव ढाकवाला रोडान में जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने का काम कोई 1 व्यक्ति नहीं कर सकता, इस कार्य में हम सभी की भागीदारी जरूरी है, तभी हम भारत को 2047 तक विकसित कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतर सोच के साथ देश को विकसित बनाने के लिए आमजन को संकल्पित करने का आह्वान किया है। इस कार्य में हमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और देश हित के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य करने चाहिए। गांव चूंडीपुर के कार्यक्रम में संबोधित के दौरान विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, तब से देश की शान बढ़ी है। कोई किसी का हक न मारे, इस दिशा में मोदी और मनोहर की जोड़ी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि सभी काम आनलाइन हो रहे हैं। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि पहली सरकारें गांव-गांव जाकर अगर थोड़ा भी काम कर देती तो आज लोगों को इतनी दिक्कतें न होती। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार द्वारा बनाया गया प्रत्येक पोर्टल 1 पक्के खाल की तरह है, जैसे पक्के खाल से पूरा पानी किसान के खेत मे जाता है वैसे ही पोर्टल के माध्यम से पात्र व्यक्ति को पूरा लाभ मिल रहा है।



# पानीपत के गांव सोन्दापुर और महमूदपुर में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**पानीपत/कमाल हुसैन कांग्रेस** नेता महेंद्र कादियान द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा के सोन्दापुर और महमूदपुर गांवों का दौरा किया। वहां पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा कांग्रेस नेता का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि उनकी बुढ़ापा पैंशन काट दी गई। राशन कार्ड काट दिया गया। जिससे चलते उनके सामने रोटी का संकट पैदा हो गया है। बिना रोजगार के उनके परिवार की आय अधिक दिखा दी गई है। गांव में गलियां टूटी पड़ी हैं। सफाई का अभाव है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता महेंद्र कादियान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार वादे करने व झूठ बोलने में माहिर है। केवल चुनाव से पूर्व बल्कि सरकार बनाने के बाद भी भाजपा झूठे वादे कर जनता को बहकाने का काम कर रही है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार को चलता करने का मन बना चुकी है। महेंद्र कादियान ने दावा किया की जनता को हरियाणा में चौ.भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के शासनकाल को याद करने लगी है।



## संपादकीय

# महिला शिक्षा और जागरूकता से जुड़ा मानवाधिकारों का प्रश्न'

**मानवाधिकारों** को सुनिश्चित करने की बढ़ती हुई आवश्यकता सीधा-सीधा शिक्षा तथा जागृति से जुड़ी हुई है' इसके बिना न तो व्यक्तित्व का विकास संभव है और ना ही जीवन यापन की किसी भी पहलू की अंतर्निहित प्रक्रिया ही पूरी होती दिखाई दे रही है' मानवाधिकार के अभाव में जनतंत्र और लोकतंत्र की कल्पना ही निरर्थक है। महिला शिक्षा तथा जागरूकता के अभाव में देश में सर्वाधिक मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं की शिकार महिलाएं तथा बच्चे ही हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठन ऑफ ह्यूमन राइट्स वॉच की लगभग 175 देशों में मानवाधिकार की स्थिति का जायजा लेने वाली रिपोर्ट में भारत के संदर्भ में कहा गया है कि यहां महिलाओं तथा बच्चों आदिवासियों के मानव अधिकार से जुड़ी समस्याएं बहुत ज्यादा विकट विकृत और विकराल है। मानवाधिकार के बारे में जानकारी सीधे-सीधे किसी भी देश की शिक्षा, संस्कृति से जुड़ा हुआ सवाल है। देश के बहुत बड़े भूभाग में जहां आदिवासी और उनकी महिलाएं तथा बच्चे निवास करते हैं, वहां शिक्षा के अभाव में मानवाधिकार की कल्पना भी करना एक दुष्कर कार्य है। मानवाधिकार का संदर्भ सीधा सीधा किसी भी देश के शैक्षिक स्तर से जुड़ा हुआ है। भारत देश में मानवाधिकार संरक्षण इसलिए भी काफी पिछड़ा है क्योंकि सभी जिलों में मानव अधिकार आयोग एवं मानवाधिकार संबंधी जागरूकता का ना होना है,और नागरिकों का शिक्षा के प्रति लगाओ ना होना ही है। मानवाधिकार मूलभूत अधिकार हैं। मानवाधिकार के अंतर्गत जीवन जीने का अधिकार शिक्षा का अधिकार, जीविकोपार्जन का अधिकार ,वैचारिक स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, निजता का अधिकार, जैसे मूलभूत अधिकार शामिल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व के अधिकांश देशों में अधिकार संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदान किए गए हैं।भारत में भी संविधान के भाग 3 के अनुच्छेद 14 से लेकर 35 तक नागरिकों को विभिन्न प्रकार के अधिकार दिए गए हैं। पूरे विश्व में मानवाधिकार को सुरक्षित सुरक्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एमनेस्टी इंटरनेशनल एक संस्था है जिसका मुख्यालय ब्रिटेन के लंदन शहर में स्थित है।

वैसे तो मानवाधिकार की अवधारणा के इतिहास बहुत पुराना है। पर नवीन संदर्भों में इसकी अवधारणा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विकसित हुई है। वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को स्वीकृत किया था। मानव अधिकार का उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों में जैसे मनुस्मृति, हितोपदेश, पंचतंत्र, प्राचीन यूनानी दर्शन आदि में भी मिलता है। 1215 में इंग्लैंड में जारी किए गए मैग्नाकार्टा में नागरिक अधिकारों का विस्तृत उल्लेख तथा वर्णन है, पर उन अधिकारों को मानवाधिकार की संज्ञा नहीं दी जा सकती है। बहुत महत्वपूर्ण 1789 में फ्रांस की क्रांति के बाद वहां की राष्ट्रीय सभा ने नागरिकों के अधिकारों की घोषणा की थी। फल स्वरूप विश्व में समानता उदारता बंधुत्व के विचारों को बल मिलना शुरू हुआ, 19वीं शताब्दी में ब्रिटेन एवं अमेरिका में दास प्रथा की समाप्ति के लिए कानून बने।

# व्यावसायिक प्रदर्शन रोजगार की कुंजी है

विजय गर्ग

"नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 प्रत्येक युवा को स्कूल के समय से शुरू होने वाले कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर देती है, ताकि वह महत्वपूर्ण हितधारक बन सके। एक विकास क्रांति में. आज शिक्षा सिर्फ स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली बातों तक ही सीमित नहीं है। बदलते बाजार और डिजिटल प्रगति के कारण सीखने का दायरा व्यापक हो गया है। बाजार-संचालित कौशल हासिल करने से युवाओं को प्लेसमेंट के बेहतरीन अवसर मिलेंगे और 'विकसित भारत' की नींव मजबूत होगी। भारत के पास जनसांख्यिकीय लाभ है जिसका उपयोग कार्यबल में मौजूदा और नए प्रवेशकों दोनों के कौशल, पुनः कौशल और उन्नयन के लिए क्षमता और बुनियादी ढांचे का निर्माण करके किया जाना चाहिए। लक्ष्य 2022-2023 तक औपचारिक रूप से कुशल कार्यबल के अनुपात को मौजूदा 5.4% से बढ़ाकर कम से कम 15% करना था"

**(कौशल, विकास** की मानसिकता, सांस्कृतिक बुद्धिमत्ता, और नवप्रवर्तकों को तैयार करने के लिए डिजिटल साक्षरता) विजय गर्ग उद्योग हितधारकों को देश में नवप्रवर्तकों और उद्यमियों को तैयार करने के लिए संज्ञानात्मक कौशल, विकास मानसिकता, सांस्कृतिक बुद्धिमत्ता और डिजिटल साक्षरता लानी चाहिए असंतुलित विश्व अर्थव्यवस्था की पृष्ठभूमि में भारत की जीडीपी वृद्धि आशावाद लेकर आई है। इस परिदृश्य में, एक बार फिर कौशल पहल पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कौशल भारत मिशन और नई पीढ़ी का कौशल विकास 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 प्रत्येक युवा को स्कूल के समय से शुरू होने वाले कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर देती है, ताकि वह महत्वपूर्ण हितधारक बन सके। एक विकास क्रांति में. आज शिक्षा सिर्फ स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली बातों तक ही सीमित नहीं है। बदलते बाजार और डिजिटल प्रगति के कारण सीखने का दायरा व्यापक हो गया है। बाजार-संचालित कौशल हासिल करने से युवाओं को प्लेसमेंट के बेहतरीन अवसर मिलेंगे और 'विकसित भारत' की नींव मजबूत होगी। भारत के पास जनसांख्यिकीय लाभ है जिसका उपयोग कार्यबल में मौजूदा और नए प्रवेशकों दोनों के कौशल, पुनः कौशल और उन्नयन के लिए क्षमता और बुनियादी ढांचे का निर्माण करके किया जाना चाहिए। लक्ष्य 2022-2023 तक औपचारिक रूप से कुशल कार्यबल के अनुपात को मौजूदा 5.4% से बढ़ाकर कम से कम 15% करना था। हालाँकि, व्हीबॉक्स की भारत कौशल रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में कुल युवा रोजगार क्षमता केवल 48.7% है। हालांकि सरकार के नेतृत्व वाली कई कौशल पहल कुछ जमीनी स्तर पर काम कर रही हैं, लेकिन वे 109 मिलियन श्रमिकों की लक्षित आपूर्ति को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के अनुसार, 15 से 59 वर्ष की आयु के 86% लोगों ने कोई व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, जबकि शेष 14% ने विभिन्न



औपचारिक और अनौपचारिक चैनलों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस पूल को मानव पूंजी में बदलने के लिए कौशल और शिक्षा पर समर्पित ध्यान देने की आवश्यकता है। यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि युवाओं को कुशल बनाने से आय में वृद्धि, उच्च लाभप्रदता और अर्थव्यवस्था में अधिक उत्पादकता हो सकती है। एनईपी ने 2035 तक व्यावसायिक शिक्षा सहित उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 50% तक बढ़ाने का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है। हम उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में 3.5 करोड़ नई सीटें जोड़कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विषयों के रचनात्मक संयोजन के साथ लचीला पाठ्यक्रम, व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ एकीकृत करना, और उचित प्रमाणीकरण के साथ एकाधिक प्रविष्टियों और निकास की अनुमति देना। हम अपने छात्रों को सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करने के लिए आईआईटी और आईआईएम के बराबर बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) स्थापित करेंगे। हम 2050 तक स्कूल और उच्च शिक्षा के माध्यम से कम से कम 50% शिक्षार्थियों को व्यावसायिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम एक व्यवसाय सीखना चाहिए और कई अन्य व्यवसायों से परिचित होना चाहिए। 15 लाख से अधिक स्कूलों में 25.38 करोड़ छात्रों को पढ़ाने के साथ, भारत दुनिया के सबसे बड़े शिक्षा नेटवर्क में से एक है, और हम इसे और भी बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालाँकि, हम स्वीकार करते हैं कि इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों को लागू करने में निरंतर, ठोस प्रयासों, इच्छाशक्ति और दृढ़ता की आवश्यकता है। हमें देश भर के प्रत्येक हाई स्कूल में कौशल केंद्र स्थापित करने और व्यावसायिक शिक्षकों की भर्ती करने में निवेश करने की आवश्यकता है। तकनीकी और जोड़नाहमारे स्कूलों के लिए व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) संस्थान भी आवश्यक हैं। हमें विश्वास है कि, चूंकि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, इसलिए हमारी शिक्षा प्रणाली में निवेश करना कोई बड़ा काम नहीं है। हम भारत को कौशल के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। हमारे छोटे बच्चों को कौशल प्रशिक्षण देना महत्वपूर्ण है ताकि वे उद्यमिता में रुचि विकसित कर सकें। यह उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (क्ङ्मळ), रियल टाइम एनालिटिक्स आदि जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से अवगत कराएगा। स्वचालन और डेटा विनिमय चौथी औद्योगिक क्रांति - उद्योग 4.0 के मूल में हैं, और इसलिए, हमें अपने युवा दिमाग को तदनुसार प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। हालाँकि उनमें से कुछ सरकार और सेवा क्षेत्र में शामिल हो सकते हैं, उनमें से अधिकांश विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में अपना रास्ता खोज लेंगे, जो हमारे देश में अवसरों से भरा है। हालाँकि कुछ कौशल योजनाओं का पुनर्गठन किया गया है, लेकिन समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं किया गया है। उदाहरण के लिए, जब सरकार ने रिवर्स माइग्रेशन के कारण होने वाले कौशल और बेरोजगारी के मुद्दों को संबोधित करने के लिए 2020 में गरीब कल्याण रोजगार योजना (जीकेआरवाई) शुरू की, तो यह उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर पाई। कई रिपोर्टों से पता चलता है कि जीकेआरवाई की बाजार मांग-संचालित कौशल पहल सफल नहीं रही और लक्षित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाई। यह एक प्रणालीगत समस्या की ओर इशारा करता है जो भारत में प्रतिभा पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करती है। इसलिए, हमें युवाओं को केवल 'लाभार्थी' (लाभार्थी) बनाने के बजाय, उन्हें आवश्यक कौशल से लैस करना चाहिए उन्हें कर्मयोगी बनाने के लिए) अनौपचारिक क्षेत्र भारत की लगभग 93 प्रतिशत कामकाजी आबादी को रोजगार देता है, जो उन्हें बहिष्कार के उच्च जोखिम में डालता है। इस जोखिम को कम करने के लिए, हाशिए पर रहने वाले समूहों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों चैनलों के माध्यम से शामिल करने की आवश्यकता है। सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) अंतिम मील तक पहुंच में मदद कर सकते हैं, जबकि उपयोगकर्ता के अनुकूल और स्थानीय भाषा इंटरफेस विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी और कौशल चाहने वालों को लाभ

पहुंचा सकते हैं। टैलेंट नोड कोई सिल्वर बुलेट नहीं है, लेकिन एक अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के साथ, यह 50-80 मिलियन लोगों को बेहतर नौकरी के अवसर ढूंढने में मदद कर सकता है जो उनके कौशल और आकांक्षाओं से मेल खाते हैं। एक परस्पर जुड़ा पारिस्थितिकी तंत्र लाखों अलग-अलग अवसर पैदा कर सकता है, जिससे भारत के युवा नौकरी के लिए तैयार हो सकते हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। सरकार, निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों सहित उद्योग हितधारकों के लिए संज्ञानात्मक लाना महत्वपूर्ण है। इससे युवाओं को नौकरी के लिए तैयार होने और एक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में मदद मिलेगी।

## कविता

**कम ना समझो**

महिलाओं की शक्ति को,
मां दुर्गा के प्रति
इनकी भक्ति को।
दुश्मनों का नाश
करती मां भवानी
अलौकिक अद्भुत है
नारी हिंदुस्तानी।
घर परिवार मुख्य
धुरी है देश की नारी,
उसे कभी मत
समझो तुम बेचारी।
घर हो या बाहर
समान है उसकी शक्ति
धर्म में उनकी
कितनी है भक्ति।
बच्चों के प्रति
असीम है आसक्ति।
घर हो या ऑफिस
बराबर की भूमिका निभाती
समाज के विकास में भी महिलाएं
गजब ऊर्जा दिखलाती,
स्कूटर,ऑटो और बस चलाती
रेल चला कर, हवाई जहाज उडाती।

संजीव ठाकुर

## दमदार होता कृत्रिम दिमाग

विजय गर्ग

**गूगल** क्रोम, मैप, जीमेल, ड्राइव, यूट्यूब और एंड्रायड समेत गूगल की अनेक सेवाएं निजी से लेकर पेशेवर कार्यों तक को सहज बना रही हैं। अब गूगल इन सर्विसेज में एआइ को जोड़ने जा रहा है, जिससे आम यूजर का अनुभव बदल जाएगा। हाल में गूगल ने नवीनतम लार्ज लैंग्वेज माडल 'जेमिनी' को लांच किया। इसका शुरूआती वर्जन 'जेमिनी नैन' जहां एंड्रायड डिवाइसेज को बहुउपयोगी बनाएगा ( इसका प्रयोग आफलाइन भी किया जा सकेगा), वहीं 'जेमिनी प्रो' गूगल की एआइ सेवाओं की क्षमता में वृद्धि करेगा। खासकर चैटबाट बार्ड में इसके जुड़ जाने से बार्ड अधिक ताकतवर हो गया है। सबसे एडवांस वर्जन 'जेमिनी अल्ट्रा' विकास के चरण में है, जो आने वाले समय में डाटा सेंटर और पेशेवरों कार्यों में उपयोगी हो सकता है। फिलहाल, बाई में जैमिनी प्रो और पिक्सल प्रो में जेमिनी नैनो की सुविधाएं शुरू हो गई हैं।

बेहतर कौन जमिनी व जीपीटी 4

औपेनएआइ का चैटजीपीटी जिस तरह से एआइ माडल का पर्याय बना है, वह एआइ माडल की रेस में शामिल सभी कंपनियों के लिए पहाड़ जैसी चुनौती है। सवाल स्वाभाविक है कि क्या जैमिनी जीपीटी - 4 की बादशाहत को चुनौती दे पाएगा। गूगल ने जिस तरह एआइ के स्थापित 32 मानकों पर तुलना करते हुए दावा किया है।

कि 30 मानकों पर जेमिनी आगे है, इसे एआइ को दुनिया में गूगल की अपनी सक्षमता को फिर साबित करने के गंभीर प्रयास के तौर पर देखा जा सकता है। वीडियो व आडियो को समझने और इंटरैक्ट करने की क्षमता जेमिनी को खास बनाती है। हालांकि, ओपेनएआइ ने इमेज व वायस के लिए डैल-ई और व्हिस्पर को विकसित किया हुआ है।

यूजर ही करेंगे सही आकलन

मात्र मानकों के जरिये ही किस तकनीक को स्थापित नहीं किया जा सकता, जब तक कि व्यापक यूजर बेस में उसका टेस्ट न हो। जब सामान्य यूजर कोई जानकारी प्राप्त करने, कोड लिखने या किसी आइडिया के लिए जेमिनी का रख करेंगे, तभी सही मायने में जैमिनी का सही आकलन हो पाएगा। हालांकि, नया कोड जेनरेटिंग सिस्टम जेमिनी को खास बनाता है। दूसरा, एआइ माडल को और सटीक बनाने व इंसानी दुनिया को समझने के लिए सुधार की कोशिशें लगातार जारी रखनी होंगी। फिलहाल, सभी माडल भ्रामक जानकारियों, पूर्वाग्रह जैसे जाल से अभी मुक्त नहीं हो पाए हैं। उम्मीद है कि लगातार सुधार और नवाचार से एआइ माडल अधिक और सुलभ होंगे। चैटजीपीटीः वर्तमान में यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय कन्वर्सेशनल आज चैटवाट है। जीपीटी (जेनरेटिव फ्री ट्रेड ट्रांसफार्मर्स) वेस्ड ट्रेनिंग होने के चलते यह सवालों को समझने और आसान इंसानी भाषा में जवाब देने में अधिक सक्षम है।

माइक्रोसाफ्ट कोपायलटः विंग सर्च इंजन और बिंग एप में उपलब्ध यह एलएलएम चैटबाट है।

## विचार

# गुजरात में आप पार्टी में मची भगदड़ ,कोई कर रहा सरेंडर तो कई नेता भाजपा में शामिल

**सालभर** पहले आम आदमी पार्टी ने भाजपा को उसके सबसे मजबूत गढ़ गुजरात में घेर कर खूब सुर्खियां बटोरीं थी। इसका नतीजा ये हुआ था कि भाजपा की तमाम कोशिश के बाद भी गुजरात में आप ने विधानसभा में इंट्री दर्ज करवा दी थी। पार्टी की इस उपलब्धि की तुलना भाजपा के तेलंगाना के प्रदर्शन से की जा सकती है। इतनी सीटें गुजरात में मुख्यमंत्री रहे केशुभाई पटेल और शंकर सिंह वाघेला भी नहीं जीत पाए थे। पार्टी को 14 फीसदी (40 लाख से अधिक) मतों से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया था। तब ये माना गया था आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब के बाद अब गुजरात पर फोकस करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अगर राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के वोट प्रतिशत को देखें तो पार्टी को बड़ी मायूसी हाथ लगी है। गुजरात में अब आम आदमी पार्टी के 5 विधायक थे , पार्टी ने करीब 13 फीसदी वोट शेयर हासिल किया था। हाल ही में विसावदर सीट से आम आदमी पार्टी विधायक भूपत भयानी के इस्तीफा देने के बाद अब तकरीबन 40 पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पार्टी को अलविदा कह दिया।इसके साथ ही भरूच विधानसभा के 43 पदाधिकारी और कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से पार्टी प्रदेशाध्यक्ष इशुदान गढ़वी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। यह भरूच जिले में पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। भूपत भयानी ने विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना था। उन्होंने कहा था कि आम आदमी पार्टी कोई राष्ट्रवादी पार्टी नहीं है। मैं लोगों के हित में काम करना चाहता था। मैं एक राष्ट्रवादी आदमी हूं और पहले भाजपा में था। गौरतलब है कि सितंबर में आदिवासी नेता और 'आप' के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन राठवा विधानसभा चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वहीं 'आप' उपाध्यक्ष पद से निष्कासित वशराम सागथिया 21 जून को गुजरात कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 'आप' को बीते दिनों एक और झटका लगा था। 'आप' के सूरत नगर निगम के दो पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। यही नहीं, बीते दो सालों में केजरीवाल की पार्टी से करीब एक दर्जन पार्षद भाजपा में शामिल हो गए हैं। सूरत नगर निगम में 'आप' के पहले 27 पार्षद थे लेकिन अब इनकी संख्या 15 पर सिमट गई है। पिछले साल फरवरी में 'आप' के छह पार्षद भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि उनमें से दो फिर 'आप' में लौट आए। इस महीने की शुरूआत में भी 'आप' के छह पार्षद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। 'आप' के एक नेता ने कहा, दो पार्षदों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए हटा दिया गया क्योंकि वे दूसरों को पैसे का वादा करके भाजपा में शामिल होने के लिए उकसा रहे थे। भाजपा ने इन दावों को खारिज कर दिया है और कहा है कि पार्षद अपनी मर्जी से शामिल हुए थे और उन पर कोई दबाव या प्रलोभन नहीं दिया गया था। गौरतलब है कि पार्टी गुजरात में पहले की अपेक्षा कम अग्रेसिव है। पार्टी नेता संजय सिंह एक दौरे को छोड़ दिया जाए तो केंद्रीय नेतृत्व के नेताओं ने गुजरात के दौरे नहीं किए। चुनाव प्रचार में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने आखिरी कार्यक्रम 28 नवंबर, 2022 को किया था। इसके बाद उनका कोई भी दौरा नहीं हुआ है। इसके चलते पार्टी में पहले जैसा जोश नहीं दिख रहा है। केजरीवाल की गुजरात से दूरी के जो भी कारण हों, लेकिन राज्य में इसे उनकी उदासीनता के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक हलकों में इसको लेकर तरह तरह की चचाएं होती है। विधानसभा चुनावों में पार्टी काफी आक्रामक प्रचार किया था। तब ये माना गया था कि गुजरात चुनावों की राष्ट्रीय फलक पर चर्चा ही आप की वजह से हुई, क्योंकि तब कांग्रेस की राष्ट्रीय लीडरशिप गुजरात में चुनावों में बहुत एक्टिव नहीं हुई थी।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# स्किल सीखने के लिए अच्छे हैं बूटकैंप

विजय गर्ग

**वैसे तो** अपस्किलिंग कोर्स नयी बात नहीं है, लेकिन ग्रेजुएट्स और पेशेवरों में इन दिनों बुटकैंप ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं और इसीलिए ऐसे पाठ्यक्रम भी ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ग्लोबल स्तर पर ऑनलाइन बूटकैंप 2021 में 1600 से बढ़कर 2022 में 2200 हो गए। ऑनलाइन एजुकेशन से संबंधित गतिविधियों के एक मंच कोर्सरिपोर्ट की मानें, तो ऑनलाइन लर्निंग में बूटकैंप अपनी संभावनाओं के आधार पर एक बड़ा बाजार बनाएंगे। कैंपस के अनुमान के अनुसार 2025 तक भारत में इनका वैश्विक बाजार 1.2 अरब डॉलर का हो जाएगा, जो 2020 में केवल 20 करोड़ डॉलर का था। जाहिर है इनकी लोकप्रियता बढ़ रही है।

क्या हैं कैंप

ऐसे ट्रेनिंग कोर्स, जिनमें किसी स्किल को तेजी से, गहन प्रशिक्षण के साथ और व्यावहारिक अनुभव के साथ सिखाया जाता है, बूटकैंप कोर्स के नाम से लोकप्रिय हैं। ये खासकर टेक स्किल्स जैसे, कोडिंग, जेनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग, क्लाउड साइबर सिक्योरिटी, डेवऑप्स, डेटा साइंस, फुलस्टैक आदि के क्षेत्र में उपलब्ध है।

ये कई मोड में मिलेंगे। जैसे ऑफलाइन बूटकैंप कोर्स किसी विशेष लोकेशन या अलग-अलग जगहों पर स्थापित केंद्रों में उपलब्ध कराए जाते हैं। वहीं ऑनलाइन बूटकैंप कोर्स भी हैं। इनमें कुछ हाइब्रिड मोड में भी मिलेंगे, जहां कुछ ट्रेनिंग ऑनलाइन व कुछ ट्रेनिंग ऑफलाइन लोकेशन आधारित मिलेगी। भारत में भी कुछ संस्थान ऐसा प्रशिक्षण दे रहे हैं। फिलहाल अपस्किलिंग में ये ट्रेंड उभरकर सामने आ रहा है। ऐसे कोर्स ऑनलाइन ज्यादा उपलब्ध हैं और विदेश में लोकप्रिय हो रहे हैं।

क्यों हो रहे लोकप्रिय

इससे स्किल का व्यावहारिक अनुभव मिलता है। बूटकैंप में अधिकांश ट्रेनिंग प्रोजेक्ट और प्रैक्टिस आदि के माध्यम से मिलती है। इसीलिए ऑनलाइन कोर्स की तुलना में इंटरव्यूज में इन्हें ज्यादा अहमियत मिलती है। एक रिपोर्ट के अनुसार इनके बाद रोजगार मिलने की संभावना 62% तक आंकी गई है।

## धंधे कैसे-कैसे

ह्लअच्छा सब तैयार है!ह्व नई वेब सीरिज के निर्देशक ने कैमरा मैने और कलाकार से पूछा। दोनों ने हाँ के प्रत्युत्तर में सिर हिला दिया। निर्देशक के एक्शन कहने के साथ अभिनय शुरू हुआ। कैमरामेन का कैमरा कलाकार पर केंद्रित था और कलाकार का ध्यान संवादों पर। कलाकार अपने अभिनय संवादों में बहते हुए कहने लगाः ह्लनमस्कार दर्शकों आज मैं सिखाऊँगा कि हमें किसी का खून करने के लिए तैयारी कैसे करनी चाहिए? होता यूँ है कि कई लोगों के भीतर जुर्म करने का कीड़ा मचलता रहता है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जुर्म कैसे करें। मन में रह-रहकर ख्याल आते रहते हैं कि जुर्म करने पर कहीं पकड़े तो नहीं जायेंगे? पकड़े जायेंगे तो पुलिस उनके साथ क्या करेगी? आदि-आदि। निर्देशक ने कैमरामेन से कलाकार को क्लोजर में लेने का निर्देश दिया। कलाकार कैमरे की स्क्रीन पर जूम हो उठा था। कलाकार अपनी धारा प्रवाह में संवाद कहने की जगह उसमें जीने लगा और कहाः ह्लतो आज हम आपको चुटकियों में जुर्म चैनल के जरिए अपराध की दुनिया में न केवल प्रवेश करना सिखायेंगे बल्कि उसमें निपुण भी बनायेंगे। तभी वहाँ एक पुलिस अधिकारी आ गया। जब उसे निर्देशक से पता चला कि वह जुर्म की दुनिया में प्रवेश करने और निपुण बनाने के लिए वेब सीरिज बना रहा है तो उसका माथा ठनका। वह निर्देशक की क्लास लगाने ही वाला था कि निर्देशक बोल पड़ा झ ह्लदेखिए साहब! आजकल यूट्यूब पर गलाकाट कांपटीशन चल रहा है। हमारे चुटकियों में जुर्म चैनल के एक लाख सब्सक्राइबर्स हैं। उन्हें नए-नए विषय पर वीडियो बनाकर देने पड़ते हैं, नहीं तो हमारी कमाई गिर जाएगी। पुलिस अधिकारी ने फटकारते हुए कहाः ह्लवेब सीरिज बनाने का इतना ही शौक है तो कुछ पकवान या फिर डैंस संबंधी वीडियो बनाओ। ऐसे जुर्म को बढ़ावा देने वाले वीडियो बनाते हुए तुम्हें शर्म नहीं आती? निर्देशक ने भोले मन से कहाः ह्लआती है साहब! लेकिन क्या करें? खाने पकाने और डैंस जैसे विषयों पर असंख्य वीडियो बन चुके हैं। इसलिए दर्शकों को आकर्षित करने के लिए नए-नए विषय के साथ आगे आना पड़ता है। विश्वास न हो तो आप खुद ही यूट्यूब देख लीजिए।

## न्यूज फ्लैश

### श्री राम मंदिर अयोध्या धाम से आए अक्षत कलश को मंत्र उच्चारण के साथ किया गया स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**श्री राम** मंदिर अयोध्या धाम से अक्षत कलश शिव कलोनी श्री वैष्णो देवी मंदिर माता चौक में मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित किया गया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अनिल चौहान ने कहा कि 500 वर्षो के सघर्ष के पश्चात श्री राम जी के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ और कई वर्षों के पश्चात श्री राम ललाजी टैंट से 22 जनवरी 2024 को प्राणप्रतिष्ठा से मंदिर में विराजमान किये जायेंगे।
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला सम्पर्क प्रमुख धनेश डिमरी ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को हर घर में 5 दिये जलाकर दिवाली मनाए। इस मौके पर वीर सावरकर शाखा के कार्यवाह अशोक कुमार, विकास, हरीश, अभिषेक और माधव नगर के नगर कार्यवाह भारत भूषण उपस्थित रहे। श्री वैष्णो देवी मंदिर जी के प्रधान सविनय कुमार सिंहा, मोहन शर्मा, अशोक वधावन, सुखबीर का सहयोग रहा और मातृशक्ति तरुणा वधावन, गीता शर्मा, पूनम, आकांक्षा, पिंकी सहित भजन मंडली ने बहुत सुंदर भजन गाए।

### प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को अस्टिंट ब्लाक रिसोर्स कोआर्डिनेटर ने किया सम्मानित

गन्नौर। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की खंड स्तरीय प्रतियोगिता में नवह्ल्योति स्कूल की छात्रा मुस्कान रही। खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 11 दिसंबर को गन्नौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवाया गया था। जिसमें खंड स्तर पर 15 स्कूलों ने भाग लिया था। नवह्ल्योति शिक्षा सदन की तरफ से वंशिका एवं प्राची निबंध प्रतियोगिता में हुनर, मुस्कान व जय ने गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में और लक्की, दीप्ति, अंशिका ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। भाषण प्रतियोगिता में नवह्ल्योति शिक्षा सदन से मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही। वहीं हुनर व जय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अंशिका ने द्वितीय स्थान एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में नव ह्ल्योतियन वंशिका तृतीय स्थान पर रही। प्राची को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निदेशक राजेंद्र कौशिक व प्राचार्या हिनू शर्मा ने सभी बच्चों को सम्मानित किया।

### विवान जन सेवा अस्पताल में बीपीएल कार्ड धारकों को मिलेगी मेडीकल जांच व अन्य सुविधा

**गन्नौर। रेलवे** रोड पर मिनी सचिवालय के पास स्थित विवान जन सेवा अस्पताल द्वारा धर्मार्थ एवं जन सेवा की भावना से रिक्शा व टैम्पों चालकों व पीले राशन कार्ड धारकों के लिए एडमिट बैड चार्ज की सुविधा निशुल्क व एडमिट के बाद शुगर, बीपी की जांच निशुल्क की जाएगी। जानकारी देते हुए विवान अस्पताल की डा. रूचि चौधरी व निदेशक डा. आशीष चौधरी ने जानकारी दी। डा. रूचि चौधरी ने बताया कि अस्पताल द्वारा शुरू की गई सेवा का जरूरतमंद को लाभ लेना चाहिए। इसके अलावा अस्पताल द्वारा समय- समय पर गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है।

### गांव-गांव पहुंचकर लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही मोदी की गारंटी वैन



**राई। टीम एक्शन इंडिया**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव सेवली व प्रीत्तमपुरा पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। संकल्प यात्रा के तहत गांवों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति का विकास ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का पहला लक्ष्य है। विधायक बड़ौली विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास करने का जो दृढ़ संकल्प लिया है वह सराहनीय है। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए उन्हें दिशा-निर्देश दिए कि वे सभी लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करें। इस मौके पर ब्लॉक समिति राई के चेयरमैन प्रदीप सबोली, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, नंदकिशोर, पार्षद राकेश, अंजलि बजाज, विनोद बैरागी, अशोक भारद्वाज, वेदपाल शास्त्री, परमजीत, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार नांगल, गांव सेवली के सरपंच प्रशांत, गांव बहालगढ के सरपंच राजेश, गांव औरंगाबाद के सरपंच शिवम, गांव प्रीत्तमपुरा की सरपंच प्रीति, एसईपीओ सुरेन्द्र पुनिया, गांव नाथूपुर के सरपंच साहब सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# रमेश कौशिक ने जनसंवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## पात्र लाभार्थियों तक सुगमता के साथ लाभ पहुंचा रही मोदी-मनोहर सरकार: सांसद कौशिक

**गोहाना(सोनीपत) टीम एक्शन इंडिया**

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को गोहाना तहसील क्षेत्र के गांव ककाना भादरी व न्यात में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक ने किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां आने वाले लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न आए उन्हें मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करें।
सांसद कौशिक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार समाज के गरीब, महिला, किसान व युवा उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। यात्रा के दौरान सभी पात्र व्यक्ति केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। अब तक योजना के लाभ से वंचित पात्र व्यक्तियों



को मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाल डोरे से अन्दर की जमीन का मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व योजना क्रियान्वित की जा रही है। सरकार द्वारा गरीब पात्र व्यक्तियों आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों को सफल बनाकर घर द्वार पर योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए लगाए गए स्टॉलों पर आकर योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं।
सांसद ने कहा कि यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तक घर-घर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया यह राष्ट्रव्यापी अभियान एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और इन योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने में ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी पहल की सराहना की। सांसद ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना होगा, इस सपने को साकार करने करते हुए देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल करने का काम करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार बनी है, सबसे पहले भ्रष्टद्दाचार को समाप्त करने का कार्य किया गया है। गरीबों के आशियाने के सपनों को हकीकत में बदल रही ह्यप्रधानमंत्री आवास योजनाह्ल:-सांसद कौशिक
सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि देश ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्ल तब कहलाता है, जब वहां की जनता खुशहाल हो और सरकार उनकी बेसिक मूलभूत आवश्यकताओं व सुविधाओं की बराबर पूर्ति कर रही हो। गरीबों की इन्हीं मूलभूत आवश्यकताओं व सुविधाओं को ध्यान में रखकर उनके सर पर ह्यछतह्ल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ह्यप्रधानमंत्री आवास योजनाह्ल की शुरूआत की, जिससे लोगों का सर पर ह्यछतह्ल का सपना साकार हो रहा है। सरकार ह्यअंत्योदयह्ल के माध्यम से गरीबों का जीवन खुशहाल बना रही है, जिसका जीता जागता उदाहरण प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हैं। ह्यप्रधानमंत्री आवास योजनाह्ल गरीबों के के आशियाने के सपनों को हकीकत में बदल रही है, जिससे गरीबों की जिंदगी में खुशहाली आ रही है।

### आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया जायेगा विजय दिवस

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**1971** में आज ही के दिन ही भारतीय सेना को विजय मिली थी ' विजय दिवस के उपलक्ष में सीनियर लड़कों की रस्सा कशी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी सदन दयानंद श्रद्धानंद गुरुदत्त पंडित लेखराम सदन ने खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया श्रद्धानंद सदन प्रथम स्थान पर रहा और दयानंद सदन दूसरे सदन पर रहा ' यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय सत्यवान आर्य ने कहा कि विजय दिवस जहां हम सबके लिए गौरव की बात है वही विश्व इतिहास की यह ऐसी प्रथम एतिहासिक घटना भी है कि जब शत्रु सेना के 93000 सैनिको ने भारत के समक्ष हथियार डाल कर आत्मसर्मपण कर दिया हो

हमारे सैनिक बफीर्ली नकुली पहाड़ियों में रहते हैं 'और इतनी ऊंचाई पर अपने देश की रक्षा करते हैं' और फिर जीत प्राप्त करते हैं 'यह हम सबके लिए गौरव की बात है' उस युद्ध में जो वीर सैनिकों ने शहादत दी है' हम उन सबको याद करते हैं' और भारतीय सेना को विजय दिवस को खेल प्रतियोगिता के माध्यम से बधाई और शुभकामनाएं देते हैं ' इस अवसर पर आशा अरोड़ा, जगदीश, प्रवीण आर्य उपस्थित रहे।

### लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही 'मोदी की गारंटी वैन'

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव सेवली व प्रीत्तमपुरा पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। संकल्प यात्रा के तहत गांवों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। ह्यविकसित भारत संकल्प



यात्रा-जनसंवादह्ल पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति का विकास ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का पहला लक्ष्य-विधायक बड़ौली विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास करने का जो दृढ़ संकल्प लिया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राजनीति में राष्ट्र धर्म का विषेष महत्व होता है। राष्ट्र धर्म कहता है कि राष्ट्र की रक्षा, संप्रभुता, एकता, और सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि राजा को अपने परिवार का मोह छोडक? सम्पूर्ण प्रजा की समान रूप से चिंता करनी चाहिए। इस विचार को हमारे देश के प्रधानमंत्री व हरियाणा के मुख्यमंत्री ने सही मायनों में साकार किया है। समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति का विकास ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का परम लक्ष्य है। सभी नागरिक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महती भूमिका निभाए।

### पुरस्कार वितरण के साथ हुआ स्पोर्ट्स मीट का समापन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** के गाँव थाना खुर्द के द स्टैनफोर्ड स्कूल में दिसंबर माह में आयोजित हुए 2 दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में हुई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया गया। चैयरमैन उत्सव दहिया व प्रिंसिपल संजीत कुमार नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके स्कूल में 2 दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जैंतिया व अरावली हाउस, शिवालिक और नीलगिरी हाउस के नाम से बने 4



ग्रुप में स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों द्वारा 100 मीटर दौड, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले दौड़, स्लो साइकिलिंग, लांग जम्प, हाई जम्प, वॉलीवाल, किर्केट, टग ऑफ वॉर , मटका दौड़, शॉट-पूट आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर जैंतिया व दूसरे साथ पर अरावली हाउस, तीसरे स्थान पर शिवालिक और चौथे स्थान पर नीलगिरी हाउस के खिलाड़ी रहे।

### नि: शुल्क नेत्र जांच शिविर में 342 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**राई।** राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा द्वारा गांव सफियाबाद में निशुल्क नेत्र जांच कैम्प आयोजित किया गया। जिसमे 342 लोगों की आंखों की जाँच हुई। जिसमें 48 लोग मोतियाबिंद के फ्री आप्रेशन योग्य पाए गए। जिनका संस्था के द्वारा निशुल्क आप्रेशन करवाया जाएगा। शिविर में निशुल्क दवाई व चश्मे दिए गए। प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि संस्था राई हलके के सभी गांवों में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाए जा रहे है। इसके अलावा हलके में संस्था द्वारा कालेज जाने वाले लड़कियों के लिए निशुल्क बस सेवा, पेयजल सेवा के अलावा अन्य सामाजिक कार्य करवाए जा रहे है।

### वीरेंद्र का व्यापारियों ने फूल मालाओं के साथ किया जोरदार स्वागत



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल के ओएसडी बीरेंद्र बढ़खालसा शनिवार को रेलवे रोड सिथित नई अनाजमंडी में पहुंचकर आढ़तियों की समस्याएं सुनी। मंडी में पहुचने पर सुरेश बत्रा, पूर्व चेयरमैन महाबीर चिरस्मी, हरिप्रकाश जिंदल आदि व्यापारियों ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के ओएसडी से मांग की कि बरसात के मौसम में मंडी में जलभराव हो जाता है जिसके चलते व्यापारियों व किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए वे सरकार व स्थानीय नेताओं से कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन अभी तक कोई समाधान नही हुआ है। आढ़तियों ने ओएसडी से जीटी रोड पर बड़ी मंडी बनवाने की भी मांग की है। ओएसडी ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि जलभराव की समस्या का जल्द समाधान करवा दिया जाएगा,बड़ी मंडी बनवाने की मांग पर कहा कि इस बारे वे अधिकारियों से बात करेंगे और कोई उचित जगह मिलने पर मंडी निर्माण पर सरकार विचार करेगी। ओएसडी वीरेन्द्र ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी व्यापारियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल हर समय गरीब,किसान,व्यापारी व अन्य लोगों को उनका हक उनतक कैसे पहुंचे इस लगातार मंथन करते रहते है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का ही परिणाम है,जो लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की कुछ योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नही पहुंच रहा था जिसकी वजह उनके कागजात पूरे न होना होता था। मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा ने कहा कि पद मिलना मतलब जिम्मेदारी बढना है। सामाजिक संघर्ष और कामों के बदले यह दायित्व मिला है। किसी सिफारिश या पारिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर नहीं।

### सभी को सच्चे मन से करनी चाहिए गरीबों की मदद: कादियान

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**देवा सोशल** वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि युवाओं का सही मार्गदर्शन करने के साथ ही क्षेत्र का विकास जरूरी है। उनकी संस्था आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क कोचिंग देकर उनका करियर बनाने की अपार संभावनाएं उत्पन्न कर रही है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को स्टेट लेवल से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने पर प्रोत्साहित कर रही है, ताकि युवा नशे आदि की लत का शिकार न होकर खेलों में अपनी रूचि बनाए। ये बातें कादियान ने शनिवार को गांव कामी



में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले स्वच्छ गन्नौर स्वस्थ गन्नौर मुहिम तहत देवा सोसायटी की ओर से कामी ग्राम पंचायत को कूड़ा उठाव को लेकर एक ई-ऑटो रिक्शा भेंट की और सफाई कर्मी को सम्मान देने के साथ ही ऑटो की चाबी सौंपी। कादियान ने कहा कि स्वस्थ रहने के साथ ही स्वच्छता का होना बेहद जरूरी है, इसी सोच के साथ देवा संस्था क्षेत्र के जरूरतमंद ग्राम पंचायतों को बारी-बारी ई-ऑटो रिक्शा देने का काम कर रही है। जिन ग्राम पंचायत को ई-रिक्शा दी जा चुकी है, वहां से सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है। लोग इधर-उधर कूड़ा फेंकने की बजाय अब रिक्शा में डालते है। कादियान ने कहा कि राजनीति का मतलब ही समाजसेवा है, अगर आपके मन में समाजसेवा करने का भाव है तो ही स्वच्छ राजनीति के रास्ते पर चल सकते है। एक नेता समाज को दिशा और दशा देता है। लोगों को बेहतर राजनेता चुनना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच बलराज, सतबीर, कृष्ण, रामकिशन, भीम सिंह, लीलू पंड़ित, राममेहर, वेदपाल, प्रवीन नैन, बलवान मौजूद रहे।

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव पर प्रोत्साहन-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयास इंटरनेशनल** स्कूल के वार्षिकोत्सव पर 17 जनवरी को प्रोत्साहन 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
महाभारत के दुर्योधन का दमदार किरदार निभा चुके पुनीत इस्सर व जानेमाने अभिनेता किरण कुमार शिरकत करेंगे। दोनों अभिनेता उत्सव में बच्चों के साथ मंच सांझा करेंगे। स्कूल के रजिस्ट्रार डा. मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में एक हजार बच्चे मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।
प्राचार्य कृष्ण मलिक की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में अतुल्य भारत के दर्शन होंगे और सतयुग



से आज तक के विराट भारत की विशाल परंपराओं व महानता का परिचय होगा।

कार्यक्रम में गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी व सीटी यूनिवर्सिटी लुधियाना के वाइस चांसलर डा. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर, गन्नौर एसीपी गोरखपाल राणा, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र कादियान, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, स्कूल चेयरमैन सुरेश बत्रा, एमडी डा. संजय जैन, अमित बत्रा, व्यवसायी पावेल गर्ग, संजीव गोयल, सनत जैन, अमित जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### विवाद समाधान प्रक्रिया के विकल्पों में से एक है मध्यस्थता: पूर्व न्यायाधीश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**मध्यस्थता को** विवाद समाधान प्रक्रिया के विकल्पों में से एक रूप के तौर पर देखा जा सकता है. जिसमें प्रक्रियाओं का एक सटीक सेट शामिल होता है. इस प्रक्रिया में एक तटस्थ तीसरा मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है और दोनों पक्षों द्वारा संतोषजनक और स्वीकार्य निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए विवाद पर उचित तरीके से चर्चा करने में पक्षों की सहायता करता है. यह मध्यस्था पूरी तरह गोपनीय होती है और यह दोनों पक्षों को अपने विवादों को सुलझाने के लिए विवादों और मांगों पर अपना पक्ष रखने का अवसर देती है. यह बात राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस करुनानंद बाजपयी ने डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में संघर्ष प्रबंधन एवं विवाद समाधान की भूमिका विषय पर चर्चा सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. विशिष्ट अतिथि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल व एमसीपीसी के पूर्व सदस्य सचिव धर्मेंद्र राणा, भारत का सर्वोच्च न्यायालय तथा आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण भारत सरकार के न्यायिक सदस्य अनुभव शर्मा एवं गांधी समिति एवं दर्शन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक डॉ ज्वाला प्रसाद, सीमा शुल्क और केंद्रीय जीएसटी के संयुक्त आयुक्त अरुण कुमार द्विवेदी, कुलपति प्रोफेसर अर्चना मिश्रा एवं डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर आशुतोष मिश्रा मंचासीन रहे. दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना एवं विवि कुलगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा ने कहा कि विवादास्पथ मामलों में मध्यस्थता एक महत्वपूर्ण कड़ी है. किसी भी विवाद में दोनों पक्षों के बिच मध्यस्थता होने के बाद उनमें प्रेम बना रहता है. उन्होंने कहा कि हमने देखा है जब ग्रामीण क्षेत्रों में कोई विवाद होता था तब उन्हीं में से कोई ना कोई उनमें मध्यस्थता करवा देता था और मामला न्यायालयों तक नहीं पहुँचता था लेकिन अब मध्यस्थता की कमी की वजह से मामलें न्यायालयों में जाने लगे. खासकर पारिवारिक मामलों में मध्यस्थता आवश्यक है जिससे परिवार बिखरें नहीं. जस्टिस करुनानंद बाजपयी ने संबोधित

करते हुए कहा मध्यस्थता को कानून के विस्तारित हाथ के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह प्रक्रिया कानूनों और इसकी लंबी प्रक्रियाओं से बाधित हुए बिना समाधान तक पहुंचने के लिए विभिन्न तरीके प्रदान करती है. यदि दोनों पक्षों ने अपने विवादों को सुलझाने के लिए इसे चुना है तो यह प्रक्रिया अधिक प्रभावी है. जस्टिस वाजपयी ने छात्र छात्राओं से अपने कई अनुभव साझा किए. उन्होंने क्लासिकल कानून नियम और विनियमन प्रक्रिया की बात की. उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट में एविडेंस अति आवश्यक दस्तावेज होता है. धर्मेंद्र राणा ने कहा कि मध्यस्थता विशेष रूप से अप्रभावी होने के कारण नहीं बल्कि जनता में जागरूकता की कमी के कारण दुनिया भर में उतना चलन में नहीं है और वे न्याय के लिए एकमात्र विश्वसनीय स्रोत के रूप में लंबी और महंगी अदालती कार्यवाही पर अधिक भरोसा करते हैं. राणा ने न्यायालयों में पेंडिग मामलों की बात की. उन्होंने कहा अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में मध्यस्थता न केवल विवादों का समाधान करती है बल्कि वैश्विक स्तर पर संघर्ष से निपटने का सर्वोत्तम तरीका भी प्रदान करती है

हरियाणा सरकार

# अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023

अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम

7-24 दिसम्बर, 2023 कुरुक्षेत्र, हरियाणा



## अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव शुभारम्भ

17 दिसम्बर, 2023

मुख्य अतिथि
**श्री जगदीप धनखड़**
माननीय उप-राष्ट्रपति, भारत

गरिमामयी उपस्थिति
**श्री मनोहर लाल**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

मुख्य कार्यक्रम
- हरियाणा एवं भागीदार प्रदेश असम के पैवेलियन का शुभारम्भ
- अन्तर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का उद्घाटन



"सभी देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं। श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती आई है। अध्यात्म और जीवन-दर्शन से जुड़ा यह महान ग्रंथ हर युग में पथ प्रदर्शक बना रहेगा।"

- नरेन्द्र मोदी

कार्यक्रम की जानकारी के लिए
पोर्टल पर जाएं अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें

www.internationalgitamahotsav.in
www.48koskurukshetra.com

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 336 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## केजरीवाल 19 को विपश्यना के लिए जाएंगे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 19 दिसंबर से विपश्यना के लिए जाने वाले हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद कोरोना काल को छोड़ दें तो केजरीवाल हर साल विपश्यना का कोर्स करने जाते है। इस साल भी 19 से 30 दिसंबर तक विपश्यना में रहेंगे और 31 दिसंबर को दिल्ली लौटेंगे। अरविंद केजरीवाल विपश्यना साधना के लिए हिमाचल, बेंगलुरु और महाराष्ट्र में से किसी एक जगह जाते हैं लेकिन इस बार वो कहां जा रहे हैं। इसकी जानकारी किसी को नहीं है। विपश्यना साधना के नियमों के अनुसार, 20 दिसंबर से अगले 10 दिनों तक अरविंद केजरीवाल किसी के संपर्क में नहीं रहेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में मंत्री आतिशी उनका कामकाज संभालेंगी। विपश्यना साधना में करीब सात दिनों तक लगातार बैठकर ध्यान करना होता है। इस दौरान मौन रहना, ज्यादा बातचीत न करना, बाहरी दुनिया से कोई संपर्क न रखना जैसे कड़े नियमों का पालन करना होता है।
इससे पहले दिसंबर 2022 में मुख्यमंत्री विपश्यना साधना के लिए गए थे। मुख्यमंत्री केजरीवाल कहते रहे हैं कि कई सौ साल पहले भगवान बुद्ध ने ये विद्या सिखाई थी। अगर किसी ने विपश्यना नहीं की है तो एक बार जरूर करें। इससे मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत लाभ होता है।
**जानिए क्या है विपश्यनाः** विपश्यना प्राचीन ध्यान विधि है। इसे आत्म निरीक्षण और आत्म शुद्धि का सबसे बेहतरीन तरीका माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध ने भी इसी ध्यान विधि से बुद्धत्व हासिल किया था। ये खुद को जानने में काफी मदद करती है।

# संसद में धुआं-धुआं से पहले सुसाइड की थी योजना

= आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही पुलिस के हवाले से कई खुलासे सामने आ रहे हैं

**हंगामे की वजह**

8 पुलिस के हवाले से कई खुलासे सामने आ रहे हैं, जिससे यह पता चला है कि इस हंगामे के पीछे असली वजह क्या थी।






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद में घुसकर स्मोक अटैक और संसद के बाहर स्मोक अटैक करने वाले आरोपियों की प्लानिंग सिर्फ संसद में हंगामा करना नहीं था। इसके पीछे इन लोगों की बड़ी योजना थी।
आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही पुलिस के हवाले से कई खुलासे सामने आ रहे हैं, जिससे यह पता चला है कि इस हंगामे के पीछे असली वजह क्या थी।
**यह थी असली वजहः** संसद में हंगामा कर सुर्खियां बटोरने के बाद आरोपी नई राजनीतिक पार्टी बनाना चाहते थे। ये लोग किसी बड़े प्लेटफॉर्म पर ऐसा काम करना चाह रहे थे, जिससे मीडिया का बड़ा कवरेज मिल सके।
**पहले आत्मदाह की बनी थी योजना**
इसके लिए पहले एक जैल लगाकर संसद भवन के सामने आत्मदाह करने की योजना बनाई गई। लेकिन जैल न खरीद पाने और इस तरह के प्लान में मकसद पूरा न होते देख इन्होंने प्लान रद्द कर दिया था।
**फिर बना स्मोक अटैक प्रोग्रामः** आत्मदाह का प्लान रद्द करने के बाद आरोपियों ने कलर स्मोक क्रैकर से संसद में हंगामा करने के निर्णय लिया। इस तरह के प्लान के बारे में लखनऊ के सागर शर्मा ने पुलिस को जानकारी दी है।
**हर आरोपी कर रहा अलग बयानबाजीः** सभी आरोपित अलग-अलग तरह के बयान दे रहे हैं, जिससे पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां तीन दिन बाद भी किसी स्पष्ट नतीजे पर नहीं पहुंच पाई हैं की इनका मकसद क्या था। संसद भवन की सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अब तक छह आरोपित को गिरफ्तार कर चुकी है।

## रिमांड के दौरान बेटी से मिलने दें, एफआईआर की कॉपी भी उपलब्ध कराई जाए

**नई दिल्ली।** संसद भवन में सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपियों में से एक नीलम के माता-पिता ने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने आवेदन दायर कर बेटी नीलम और उन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर की एक प्रति मांगी है।
साथ ही दिल्ली पुलिस को रिमांड के दौरान के दौरान उन्हें बेटी से मिलने के लिए कोर्ट से निर्देश देने की मांग की है। संबंधित अदालत ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और मामले में विस्तृत सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय की। जींद के घसो खुर्द निवासी नीलम हिसार में डेढ़ साल से एक्टिव थी। सरकार के खिलाफ होने वाले आंदोलन में वह भाग लेने के लिए पहुंच जाती थी। वहीं, आज नीलम को लेकर दिल्ली पुलिस हिसार और उसके गांव पहुंच सकती है। पुलिस की जांच में अभी तक सामने आया कि 25 नवंबर को पीजी छोड़कर जाने वाली नीलम घटना के करीब पांच दिन पहले एक रात रूककर गई थी। उसका सामान अभी कमरे में है। उस कमरे को पुलिस ने ताला लगा दिया है। वहां पर महिला पुलिस सहित पीसीआर तैनात हैं।

## बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को देख भड़कीं स्वाति मालीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्वी दिल्ली में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा चिंताओं का आकलन करने के लिए दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के पदाधिकारियों ने कुछ बस स्टॉप का निरीक्षण किया।
आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और सदस्य वंदना सिंह ने शाम साढ़े छह के बाद रमेश पार्क बस स्टाप से ललिता पार्क तक पुश्ता रोड का निरीक्षण किया। आयोग के मुताबिक, 'सड़क पर बिल्कुल अंधेरा था, क्योंकि कोई भी स्ट्रीट लाइट काम नहीं कर रही थी। बस स्टॉप पर भी अंधेरा था। बस स्टॉप के पीछे का इलाका सुनसान होने के चलते बस में चढ़ने और उतरने वाली महिलाओं के लिए शाम होते ही असुरक्षित हो जाता है। शिकायतें मिलने पर कल शाम ललिता पार्क बस स्टैंड और कई अन्य जगहों का किया।



## कोर्ट ने अवैध हिरासत और उत्पीड़न की याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बीते माह हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में पकड़े गए एक व्यक्ति की पत्नी की ओर से दायर पति की अवैध गिरफ्तारी व शारीरिक उत्पीड़न और यातना को लेकर अधिकारियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग करने वाली एक याचिका पर हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने निर्देश दिया कि संबंधित पुलिस थाने के सीसीटीवी फुटेज सहित प्रासंगिक सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित किया जाए और रिकार्ड में रखा जाए। पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख से पहले स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई फरवरी में होगी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता एम सूफियान सिद्दीकी ने तर्क दिया उनके मुवक्किल और उनके पति को दोषी पुलिस अधिकारियों ने गैरकानूनी तरीके से सम्मानपूर्वक जीने के उनके अधिकार से वंचित कर दिया है। अधिवक्ता ने कहा कि उनके मुवक्किल के पति को 16 नवंबर को सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने बिना वारंट के अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि पुलिस अधिकारियों का आचरण याचिकाकर्ता के पति के मौलिक और मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि घटना में कुछ उच्च पदस्थ अधिकारियों सहित दोषी पुलिस अधिकारियों को बेनकाब करने के लिए गहन जांच की आवश्यकता है, जिन्होंने पुलिस स्टेशन में सीसीटीवी फुटेज जैसे महत्वपूर्ण सुबूत के साथ छेड़छाड़ की।






# पश्चिमी कमान ने मनाया विजय दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**लेफ्टिनेंट जनरल** मनोज कुमार कटियार, जीओसी-इन-सी, पश्चिमी कमान ने चंडीमंदिर में वीर स्मृति पर पुष्पांजलि अर्पित करके विजय दिवस मनाया। उन्होंने 1971 के युद्ध के दौरान राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सैन्य कमांडरों और वीरता पुरस्कार विजेताओं सहित सेवारत अधिकारी, दिग्गज अपने शहीद साथियों को श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुए। उपस्थित सभी लोगों द्वारा रखे गए मौन की ध्वनि इस महान राष्ट्र के शहीदों के प्रति उनके दृढ़ संकल्प के प्रति उचित श्रद्धांजलि के रूप में गूंज उठी। इस युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने बर्बर और क्रूर शासन द्वारा




उत्पीड़न के खिलाफ मानवता के एक विशाल वर्ग को मुक्त कराने के उद्देश्य के लिए लड़ने की अपनी निस्वार्थ भावना का प्रदर्शन किया। 16 दिसंबर, 1971 को, विजयी भारतीय सेना ने ढाका में मार्च किया और पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराया। 13 दिवसीय युद्ध बांग्लादेश के जन्म और 90,000 से अधिक पाकिस्तानी सेना के जवानों के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ। यह सबसे तेज और बहादुरी से लड़े गए सैन्य अभियानों में से एक है। जबकि पूर्वी सेना ने आत्मसमर्पण सुनिश्चित करके उस में तेजी लाई और पश्चिमी कमान के सैनिकों द्वारा पश्चिमी मोर्चे पर लड़ी गई गंभीर लड़ाइयों से इसको संभव बनाया गया। पश्चिम के संरक्षक के रूप में, सैनिकों ने यह सुनिश्चित किया कि दुश्मन को पश्चिमी मोर्चे पर भी भारी नुकसान उठाना पड़े। इनमें से कुछ भयंकर लड़ाइयाँ लोंगेवाला, बसंतर, बुर्ज फतेहपुर और सेहजरा में लड़ी गईं।

इस युद्ध में, पश्चिमी कमान के सैनिकों को दो परमवीर चक्र और 46 महावीर चक्र के अलावा कई अन्य वीरता पुरस्कार और युद्ध सम्मान से सम्मानित किया गया। विजय दिवस भारतीय सैनिकों की बहादुरी, उनके अनुकरणीय युद्ध कौशल और सभी बाधाओं के खिलाफ उनके दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। भारतीय सेना की उच्चतम परंपराओं में अपने प्राणों की आहुति देने वालों को याद करते हुए, वर्तमान वीर सैनिकों ने आने वाले वर्षों में पूर्व वीर नायकों के गुणों की परंपरा को बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली।

# जिला मौलिक शिक्षा विभाग की अंबाला को निपुण बनाने की कवायद

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)18-19 दिसम्बर को** जिले के सभी 478 प्राथमिक स्कूलों की मेगा मोनिटरिंग एक साथ होने जा रही है। इसके लिए बाकायदा शेड्यूल बनाकर खंड शिक्षा अधिकारियों, सीआरसी मुखियाओं, एबीआरसी और बीआरपी कुल 167 मॉनिटरिंग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। खास बात यह है कि अंबाला को निपुण जिला बनाने के उद्देश्य से यह मेगा मोनिटरिंग केवल अंबाला जिला में डीईईओ द्वारा स्वयं अपने स्तर पर करवाई जा रही है। मेगा मॉनिटरिंग अभियान बारे जानकारी देते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि प्रत्येक मॉनिटरिंग अधिकारी को एक गूगल फॉर्म उपलब्ध करवाया जाएगा जिस पर प्रत्येक मॉनिटरिंग अधिकारी अपनी अपनी रिपोर्ट अंकित करेगा। प्रत्येक अधिकारी को मॉनिटरिंग के लिए उसे दिए गए स्कूल में अनिवार्य रूप से दूसरी और तीसरी कक्षा का दौरा करना होगा और प्रत्येक कक्षा में तीन तीन बच्चों से गूगल फॉर्म में दिए गए हिंदी विषय के छः प्रश्न और गणित विषय के चार प्रश्न यानि कुल दस प्रश्न पूछने होंगे। यही नहीं गूगल फॉर्म में उन्हें इस बात की भी जानकारी देनी होगी कि मिड डे मील के माध्यम से बच्चों को बेहतर पोषण देने के उद्देश्य से विद्यालय में न्यूट्रीशन गार्डन बनाया गया है या नहीं। इस मेगा मॉनिटरिंग अभियान बारे और अधिक जानकारी देते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन, भारत सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके तहत हरियाणा शिक्षा विभाग ने सत्र 31 मार्च 2025 तक राज्य को शत-प्रतिशत निपुण बनाने का लक्ष्य रखा है तथा वर्तमान सत्र 2023-24 के अंत तक यह लक्ष्य 55 प्रतिशत का रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कक्षा एक से तीन में एफ०एल०एन० यानि मूलभूत भाषा



एवं गणना ज्ञान कार्यक्रम लागू किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जहां अध्यापकों को ट्रेनिंग और बच्चों को वर्क बुक प्रदान की गई है वहीं कक्षा-कक्षों को प्रिंट रिच और टी०एल०एम० से सुसज्जित भी किया गया है। उक्त सभी प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की दक्षताओं में कितना सुधार हुआ है यही सब जानने के लिए इस मेगा मॉनिटरिंग के कार्यक्रम को रखा गया है। क्योंकि निपुण भारत मिशन में केवल हिंदी तथा गणित विषयों को ही शामिल किया गया हैं इसलिए मेगा मॉनिटरिंग में फिलहाल यही दोनों विषय रखे गए हैं। विशेष बात यह है कि अंबाला को निपुण जिला बनाने के उद्देश्य से यह मेगा मोनिटरिंग केवल अंबाला जिला में डीईईओ द्वारा स्वयं अपने स्तर पर करवाई जा रही है। इस मेगा मोनिटरिंग को सफल बनाने के लिए जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समन्वयक, संकुल मुखिया, बीआरपी तथा एबीआरसी कुल 167 अधिकारी और कर्मचारी दो दिन मॉनिटरिंग ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे और जिले के सभी 478 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इस मेगा मोनिटरिंग के दौरान कक्षा दूसरी तथा तीसरी के छात्रों की हिंदी व गणित विषय से संबधित दक्षताओं का आकलन किया जाएगा। जिले के सभी 478 स्कूलों में यह आकलन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, अम्बाला द्वारा विशेष रूप से तैयार किये गए गूगल फॉर्म पर ऑनलाइन किया जायेगा।

## न्यूज फ्लैश

### कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की अनुसूचित जाति की महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई की ट्रेनिंग देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना




**पानीपत/ कमाल हुसैन चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत में में पांच दिवसीय ह्यह्नकटिंग एंड टेलरिंगह्नह्न विषय पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले की 60 अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की अनुसूचित जाति की महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई की ट्रेनिंग देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना था। केंद्र द्वारा प्रत्येक वर्ष कटिंग एंड टेलरिंग, नर्सरी उत्पादन, बकरी उत्पादन, स्प्रे तकनीक, डेरी फार्मिंग, खूब उत्पादन इत्यादि विषय पर अनुसूचित जाति के प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनमें महिला सशक्तिकरण में बहुत अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉक्टर राजबीर गर्ग ने मुख्य अतिथि शिरकत कि। उन्होंने बताया की सिलाई व कढ़ाई व्यवसाय एक बहुत ही अच्छा व्यवसाय है व यह एक सदाबहार व्यवसाय हैं, इस व्यवसाय को महिलाएं छोटे स्तर पर भी शुरू कर सकती हैं तथा अपने आपको आर्थिक तौर पर सशक्त बना सकती है। सिलाई कढ़ाई का व्यवसाय कम लागत पर अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है। वह महिलाएं इस व्यवसाय को करते हुए अपने निजी कार्य को भी सुचारू रूप से देख सकती हैं। इसके अतिरिक्त इस व्यवसाय की समय के साथ डिमांड भी बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर प्रशिक्षण संचालक डॉक्टर सतपाल सिंह व डॉक्टर मोहित सहल ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने महिलाओं को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया तथा उनसे आग्रह किया कि वह प्रशिक्षण उपरांत इस व्यवसाय को आगे बढ़ाएं तथा अपनी आजीविका का साधन बनाकर आर्थिक लाभ कमाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने महिलाओं के कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने भाग लिया। जिसमें डॉक्टर संजय चोपड़ा जी ने अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए प्रदान की जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त श्रीमती तान्या, श्रीमती मनीषा, व श्रीमती कोमल ने भी अपने विचार सांझा किए तथा महिलाओं को सलवार कमीज, पैंट प्लाजो, ब्लाउज पेटीकोट, फ्रॉक सूट, बच्चों के फ्रॉक, लॉन्ड्री बैंक इत्यादि की कटाई व सिलाई भी सिखाई। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर राजेश, डॉक्टर सुनील सांगवान ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया दो दिवसीय वार्षिक खेल समारोह

**समालखा/ टीम एक्शन इंडिया**

**गीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय खेल मेले का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा नोवीं से बाहरवीं तक के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । कक्षा अध्यापक, अध्यापिकाओं व डीपी सोहनलाल ने छात्र व छात्राओं की आयु,योग्यता एवं रुचि के अनुसार स्वास्थ्यवर्धक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन युक्त खेलो का चयन किया गया। छात्रों ने 100मीटर, 200 मीटर रेस , गोला फेंक,रिले रेस,लम्बी छलांग,कबड्डी,कुश्ती, रस्सा कस्सी आदि प्रतियोगिताओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । 100 मीटर रेस में 12वीं कक्षा की राखी प्रथम स्थान पर रही। 200 मीटर रिले रेस में मानसी टीम प्रथम स्थान पर रही पलक टीम द्वितीय स्थान पर रही शॉट पुट में यश प्रथम व लड़कियों में तनु 12वीं कक्षा प्रथम स्थान पर रही इस मौके पर मुख्य अतिथि गीता एजुकेशन सोसायटी के प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा और जी.वी.एम.इंटरनेशनलस्कूल,बापौली के प्राचार्य राजीव शर्मा , प्राचार्य जितेन्द्र उत्तम,उपप्राचार्य रमेश वत्स ने प्रतियोगिताओं मे प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया ।

# पानीपत : एचपीसीएल और आईओसीएल ने तेल पाइपलइन पर किया संयुक्त मॉकड्रिल

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भारत** सरकार की महारत्ना कंपनी . आई.ओ.सी.एल. और एच.पी.सी.एल. ने शनिवार को पाइपलइन से चोरी की घटनाओं को रोकने और किसी अन्य अनहोनी की घटना से निपटने और अपनी तैयारियो का जायजा लेने के लिए ऑफ साइट मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह ड्रिल आईओसीएल की सलाया मथुरा पाइपलइन पर दशार्या गया जो तहसील-सांपला जिला रोहतक से गुजर रही है।



ऑफ साइट मॉक ड्रिल में आपदा प्रबन्धन योजना के प्रति आसपास के ग्रामीणो को जागरूक किया गया। मॉक ड्रिल में पाइपलइन से चोरी होना दिखाया गया एवं आग लगना दिखाया गया। उसके बाद आई.ओ.सी.एल. एवं एच.पी.सी.एल द्वारा पाइपलइन की मैंटेनेंस एवं बाकी की गतिविधियों को ग्रामीणो के सामने करके दिखाया गया। ड्रिल मे कंपनी द्वारा आपदा से निपटने के लिए और आग पर काबू पाने के लिए फायर प्लस फोम टेंडर का इस्तेमाल किया गया। ग्रामीणो को जागरूक करते हुए महाप्रबंधक एन.आर.पी.एल.आलोक राय ने बताया कि अगर अज्ञात कारणों के चलते पाइप लाइन लीक हो

जाए तो ऐसी परिस्थितियो मे तुरंत कंपनी के टोल फ्री नंबरो व पुलिस को सूचना देनी चाहिए। पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर उपस्थित रही। दमकल विभाग की गाड़ियो सहित एम्बुलेन्स भी तैनात रही। इस अवसर पर एच.पी.सी.एल. की ओर से अमित कुमार मुख्य प्रबन्धक उपस्थित रहे।

# कॉलोनी वासियों के साथ महिपाल ने हरि सिंह चौक पर दिया धरना

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कॉलोनी** वासियों के साथ कांग्रेस नेता महिपाल सूबेदार ने हरि सिंह चौक पर धरना दिया, धरना देने का उद्देश्य पानीपत ग्रामीण की कॉलोनीयों में जो मुख्य रास्ते व गलियां सालों से उखड़ी पड़ी है सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा ,जैसे नूरवाला स्थित हरि सिंह चौक से भैंसवाल मोड़ तक, देशराज कॉलोनी स्थित शमशान रोड़ ,बेरी वाली मस्जिद वाली सड़क, हरी नगर में रामस्वरूप चौक से 33 फूटा रोड़ आधा बनाया आधा बाकी है जो बनाया है उसमें ना शिवर के कनेक्शन दिए गए और ना ही पानी के कनेक्शन दिए गए। हरी नगर व सैनी कॉलोनी की बहुत सी गालियां सालों से उखड़ी पड़ी है काबड़ी रोड़ स्थित गोपाल कॉलोनी की मुख्य गली अर्जुन नगर में भारत नगर में गलियां उखड़ी पड़ी। सनौली रोड स्थित विद्यानंद में कॉलोनी में धूप सिंह नगर की भारत नगर में बहुत सी गालियां उखड़ी पड़ी हैं उखाड़ करके दोबारा अब तक नहीं बनाया गया है जिन्हें2- 2 साल उखड़ी को हो गए हैं ना तो विधायक ना ही ऐम सी और ना ही नगर निगम द्वारा इन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है मैं मुख्यमंत्री से निवेदन करता हूं।

# क्रिकेट मैच शिक्षक वर्ग ने गैर शिक्षक वर्ग को 76 रनों से दी मात

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**शनिवार को** आर्य पीजी कॉलेज में शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें शिक्षक वर्ग ने शानदार खेल दिखाते हुए गैर शिक्षक को 76 रनों से हरा कर ट्रॉफी अपने नाम की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज का क्रिकेट मैच 20-20 ओवर का था। ये मैच मैत्रीपूर्ण मैच था जो बहुत ही उम्दा रहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मैत्रीपूर्ण मैच हर कॉलेज और को स्कूलों में भी होने चाहिए। जिससे विद्यार्थियों के साथ साथ



प्राध्यापकगणों में भी खेल की भावना बढ़ती है और हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आज के मैच में पहले शिक्षक वर्ग ने खेलते हुए 20 ओवर में 152 रन बनाए। दूसरी पारी में गैर शिक्षक वर्ग की टीम केवल 76 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ. राजेश टूर्ण को दिया गया वहीं बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अरूण बजाज व बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार राजेंद्र देशवाल को दिया गया।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**समालखा/ टीम एक्शन इंडिया**

सीआईए वन पुलिस टीम ने देवी लाल पार्क के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान पवन निवासी शहरमालपुर के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान टोल टेक्स के पास मौजद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म का एक युवक देवी लाल पार्क के सामने खड़ा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान पवन निवासी शहरमालपुर के रूप में बताई।

# फर्जी दस्तावेज पर फर्म की आईडी बनाकर ठगी करने वाले गिरोह गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए जिला की थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फर्म के फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी वेबसाइट पर निर्यातक फर्म का रजिस्ट्रेशन कर 15.52लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के और दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोहम्मद शकिल निवासी जामियानगर व अनुज निवासी सौरभ नगर दिल्ली के रूप में हुई। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों



आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी मोहम्मद शकिल को न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया व आरोपी अनुज से गिरोह के अन्य आरोपियों के ठिकानों का पता लगा काबू करने के लिए उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। थाना साइबर क्राइम प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पुलिस ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी विष्णु निवासी ओल्ड चौपाल मैदान गढ़ी हाल किरायेदार घिटोरनी नई दिल्ली, तुषार निवासी सुरजकुंड फरीदाबाद, विभोर व विजीत निवासी जीवन नगर व प्रशांत निवासी पालम दिल्ली के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल, एक लेपटॉप व 2 लाख रूपए कैश बरामद किया था।

इसके अतिरिक्त आरोपियों के कब्जे से करीब 48 लाख रूपए कीमत का सोना व 18 लाख रूपए कैश बरामद कर 102 सीआरपीसी के तहत कब्जा पुलिस में लिया गया था।

# जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहा तीसरा आरोपी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए** टू पुलिस टीम ने बरसत रोड पर पेट्रोल पंप के पास प्रकाश नगर तहसील कैंप निवासी रामू सरोज पर बर्फ तोड़ने वाले सुआ से जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गांव बिचपड़ी में अड्डा से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सौरभ उर्फ सिंगा निवासी बिचपड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद शनिवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में नामजद आरोपी रामलखन निवासी पुरैना सहजानपुर यूपी हाल देशराज कॉलोनी व आदित्य निवासी बिचपड़ी को पहले ही गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बर्फ तोड़ने वाला एक सुआ बरामद कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर वहा से जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने साथी आरोपी सौरभ उर्फ सिंगा निवासी बिचपड़ी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। थाना सेक्टर 13/17 में वकील सरोज पुत्र लखन सरोज निवासी बेला पठानपुर आजमगढ यूपी हाल प्रकाश नगर तहसील कैंप ने शिकायत देकर बताया था कि उसका भाई रामू सरोज कच्ची



चाउमीन की सप्लाई का काम करता है। रामू सरोज की कुछ दिन पहले पड़ोस में रहने वाले राम नाम के लड़के के साथ कहासुनी हो गई थी। 5 अगस्त की शाम भाई रामू सरोज बाइक से चाउमीन की सप्लाई देने के लिए गया था। जब वह बरसत रोड पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो राम ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर रामू सरोज की बाइक को पीछे से पकड़कर रोक लिया और बर्फ तोड़ने वाले सूआ से कमर पर वार कर दिए।

रामू सरोज बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। आरोपी चोट मारकर जांन से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला की विभिन्न धाराओं के तहत थाना सेक्टर 13/17 में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# एमउएम पानीपत में विकसित करेगा सिटी ऑफ ड्रीम्स, हरेरा से मिली मंजूरी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा रियल** एस्टेट रैगुलेटरी अथारिटी ने पानीपत में करीब 333 एकड़ में विकसित होने वाले सिटी ऑफ ड्रीम्स के निर्माण हेतु एम3एम कंपनी को मंजूरी प्रदान कर दी है। हरेरा की एनओसी के बाद अब एम3एम द्वारा पानीपत में अपना प्रोजैक्ट शुरू कर दिया गया है।

एम3एम इंडिया के प्रेसिडेंट सुदीप भट्ट ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि एम3एम सिटी ऑफ ड्रीम्स कंपनी के प्रमुख प्रोजेक्ट्स में से एक है और इसे पानीपत में उत्तरी भारत में सबसे यादगार टाउनशिप में से एक के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मार्केट की भावनाओं और अवसरों को ध्यान में रखते हुए लगातार बढ़ते रियल एस्टेट मार्केट में कंपनी ने छोटे और बड़े निवेशकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एम3एम ह्यसिटी ऑफ ड्रीम्सह्न डिजाइन किया है।

ह्यसिटी ऑफ ड्रीम्सह्न में 2100 से अधिक प्लॉट हैं, जिसमें 140 से 1000 वर्ग गज तक, 400 विस्तार योग्य विला, 3000 उबर-लक्जरी फ्लोर्स और 150 फार्म हाउस हैं। इसमें 1.45 मिलियन वर्ग फुट का विशाल रिटेल स्पेस और कुल 150,000 वर्ग फुट जगह वाले चार क्लब भी होंगे।

इसके अलावा आवासीय यूनिट के प्लॉट का आकार 300, 500, 750 और 1000 वर्ग गज रखा है। इस प्रोजेक्ट में सामुदायिक पार्क, साइक्लिंग ट्रैक, रेस्टोरेन्ट और कैफे, पूजा स्थल,रिटेल स्पेस, क्लीनिक, स्कूल, मंदिर, क्रिकेट मैदान भी होंगे। एम3एम को एंबियंस से हासिल की गई सभी 333 एकड़ भूमि के लिए पूरा रेरा प्राप्त हुआ है,जिसकी अंततः एम3एम को 1500 करोड़ रुपये की लागत आई, जिसमें आवश्यक सरकारी शुल्क भी शामिल है। कंपनी इसके विकास पर 1200 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। कुल निवेश अंततः 2700 करोड़ रुपये हो जाएगा।

# मोदी ने वीर बाल दिवस नियत करके साहिबजादों को किया असली नमन: सिंह

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पूरे** प्रदेश में वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमें साहिबजादों के बलिदान को याद कर नमन किया जाएगा ये शब्द भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मंत्री ने अपने लतीफ गार्डेन स्तिथ अपने कार्यालय पर अपनी टीम के सदस्यों को वीर बाल दिवस के बारे विचार विमर्श करते हुए कहे। सरदार अमरजीत जीत कोहली ने कहा की धर्म की रक्षा की खातिर दशमे पितामह गुरु गोबिंद सिंह का पूरा परिवार बलिदान हो गया था ।।उनके साहब जाद्धों जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस घोषित करके साहब जाद्धो को असली नमन किया है।

अमर जीत सिंह कोहली ने उनको वीर बाल दिवस का प्रदेश सह संयोजक बनाने पर मुख्य मंत्री मनोहर लाल तथा प्रदेश अध्यक्ष नायाब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उनके साथ सरदार सुरजीत सिंह सचिव गुरुद्वारा दम दमा साहब गुरुनानक पूरा,सरदार अरमान सिंह तथा दशमेश वेलफेयर फाउंडेशन के सद्स्य सरदार हरमिंदर सिंह मोजूद रहे।

# डीसी ने वार मेमोरियल पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इण्डिया/ फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता )।**
**शहीदों की चिताओ** पर लगेंगे हर वर्ष मेले बस एक यही निशां बाकी रहेगा की बात को चरितार्थ करते हुए शनिवार को जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा विजय दिवस के सुअवसर पर विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह फरीदाबाद के वार मेमोरियल कॉम्प्लेक्स सेक्टर-12 में मनाया गया। जहाँ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त विक्रम सिंह उपस्थित रहे। डीसी विक्रम सिंह ने उपस्थित सैनिकों और वीरांगनाओं तथा सैनिकों के सभी परिवार जनों को विजय दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने वार मेमोरियल में



शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर पुलिस की टुकड़ी द्वारा मातमी धुन के साथ राइफल झुका कर सलामी देने उपरान्त दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हमारे देश के जवान रात-दिन देश की सुरक्षा में सीमा पर खड़े हैं, इसी कारण हमारा देश सुरक्षित है और हम निश्चिंत होकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने वीर जवानों पर गर्व है जो राष्ट्र सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने के लिए भी तैयार रहते हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद जिला में वार मेमोरियल पूरे प्रदेश में भव्य और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। इसके नवीनीकरण कार्य की समीक्षा भी डीसी विक्रम सिंह ने बारीकी से की। उपायुक्त ने बताया कि 16 दिसंबर 1971 को हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना को युद्ध में पराजित कर विजय प्राप्त की थी और बंगलादेश को पाकिस्तान से आजाद करवाया था, इसी कारण हर वर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसलिए 16 दिसंबर 1971 का दिन स्वर्णिम इतिहास में दर्ज हो चुका है। उन्होंने समारोह में उपस्थित युद्ध वीरांगनाओं व वॉर वेटरन्स को सम्मानित भी किया। शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, बस एक यही निशा बाकी रहेगाह्व को सार्थक रूप देते हुए आज विजय दिवस वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर आयोजित शहीद स्मारक सेक्टर-12 स्थित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विजय दिवस श्रद्धार्जलि समारोह में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों ने शिरकत की। इस मौके पर युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों को फूल अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके शौर्य वीरता व अदम्य साहस को सराह कर सत सत नमन किया गया। डीसी विक्रम सिंह ने शहीद स्मारक में प्रर्दशनी हॉल को भी देखा जिसमें हरियाणा के वीर शहीद सैनिकों की गाथा तथा अब तक हुए यादों के इतिहास को बताया गया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य सबको मिले अधिकार व सम्मान

**टीम एक्शन इण्डिया/ फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
**जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संदीप गर्ग के दिशा निदेर्शानुसार श्रीमती सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आज शनिवार ताऊ देवीलाल ओल्ड एज होम का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान आश्रम में कुल 65 बुजुर्ग पाए गए। जिनमें 23 महिलाएं 42 पुरुष बुजुर्ग थे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकिर्ती गोयल ने वहां रह रहे हर एक बुजुर्ग से रूबरू होते हुए उनका हालचाल खानपान व सेहत के बारे में बारीकी से जानकारी ली। ओल्ड एज होम का निरीक्षण करते हुए



उन्होंने वहां की सफाई व्यवस्था खानपान आदि के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ताऊ देवी लाल ओल्ड एज होम के मैनेजर कृष्ण लाल बजाज ने कहा कि यहां पर बुजुर्ग जो रह रहे हैं इनको बुढ़ापा पेंशन भी मिल रही है। उनके सीनियर सिटीजन कार्ड भी बने हुए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य सबको अधिकार व सम्मान मिले। यही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का जनहितैषी योजनाओं और परियोजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करवा जाना ही मुख्य उद्देश्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोच की रेड डॉट सेल के साथ इस विंटर में स्टाइलिश बने

**नोएडा। सोच की रेड** डॉट सेल वापस आ गई है और पहले से कहीं बेहतर है, जो 50% तक की छूट पर एथनिक परिधानों के विस्तृत चयन की पेशकश करती है। 7 दिसंबर को शुरू हुई इस बहुप्रतीक्षित रेड डॉट सेल से, साड़ी, सलवार सूट, कुर्ता, कुर्ता सेट, ड्रेस मटेरियल, ट्यूनिक्स और काफ्तान सहित अपने सभी पसंदीदा सोच लुक का स्टॉक करने के लिए तैयार हो जाइए। भारत के अग्रणी ईवनिंग और प्रासंगिक वेयर ब्रांड सोच ने अपने लाखों वफादार ग्राहकों को हर एथनिक चीजों पर अद्वितीय डील्स प्राप्त करने का मौका देने के लिए इस द्वि-वार्षिक बिक्री की घोषणा की है। चाहे वह शादी के लिए सदाबहार साड़ी हो, आपकी शाम की दावत के लिए स्टाइलिश सलवार सूट हो, या आपके शीतकालीन परिधान में ग्लैमर जोड़ने के लिए ट्रेंडी कुर्ता हो, प्रत्येक विशेष अवसर के लिए तैयार किए गए उत्तम परिधानों की एक श्रृंखला खोजें। अपनी स्टाइल को उन्नत करें और भारतीय एथनिक पहनावे के आकर्षण को सर्वोत्तम रूप में अपनाएँ। हर किसी को डील पसंद होती है, खासकर जब शादी का सीजन आ रहा हो और कई बार आपको अवसर पर तैयार होकर उपस्थित होना पड़ता है। रेड डॉट सेल में , ब्रांड के नवीनतम कैप्सूल वेडिंग कलेक्शन पर अद्वितीय ऑफर शामिल हैं। जटिल डिजाइन और हल्के और सांस लेने योग्य कपड़ों के साथ, सोच उत्सव-प्रेरित रंगों के पैलेट के साथ पारंपरिक और कंटेम्परारी स्टाइल्स का एक आदर्श मिश्रण प्रस्तुत करता है जो सीजन के सार को पूरी तरह से दशार्ता है। सदियों पुराने प्रिंट से लेकर उत्सव के पसंदीदा रंगों तक रंगों की एक विस्तृत श्रृंखला का अन्वेषण करें, जो आपकी हर शादी और फेस्टिव वॉर्डरोब की आवश्यक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई है।

### आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड का आईपीओ 20 दिसंबर, 2023 को खुलेगा

**नोएडा। आजाद इंजीनियरिंग** लिमिटेड ("कंपनी") ने बुधवार, 20 दिसंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों का आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) ("ऑफर") खोलने का प्रस्ताव रखा है। एंकर निवेशक बोली/ऑफर अवधि बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले, यानी मंगलवार, 19 दिसंबर, 2023 है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तारीख शुक्रवार, 22 दिसंबर को होगी। ऑफर का प्राइस बैंड रू 499 प्रति इक्विटी शेयर से रू 524 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 28 इक्विटी शेयर और उसके बाद 28 इक्विटी शेयर के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती है। ऑफर में कुल मिलाकर रू 2,400.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों तक का फ्रेश इश्यू (फ्रेश इश्यू) और रू 5,000.00 मिलियन तक के कुल इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है, जिसमें राकेश चोपदार के रू2,049.65 मिलियन तक के इक्विटी शेयर, पीरामल स्ट्रक्चर्ड क्रेडिट अपॉर्चुनिटीज फंड के रू 2,608.51 मिलियन तक के इक्विटी शेयर और डीएमआई फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के रू 341.84 मिलियन तक के इक्विटी शेयर सम्मिलित हैं (सामूहिक रूप से, "विक्रेता शेयरधारक") (विक्रेता शेयरधारकों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे, "प्रस्तावित शेयर")। कंपनी प्रस्ताव से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी के पूंजीगत व्यय, कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व-भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है।

### वरिष्ठ पत्रकार आदेश त्यागी के पिताजी ओमकार त्यागी का हुआ आकस्मिक निधन



**गन्नौर(सोनीपत)। वरिष्ठद्द** पत्रकार आदेश त्यागी के पिताजी ओमकार त्यागी का 75 वर्ष की आयु में शनिवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। दोहपर को गांव घसौली स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा के दौरान पत्रकार, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।
अंतिम संस्कार में शामिल उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाते हुए हिम्मत दी कि वे इस दुख के समय में उनके साथ हैं। उन्होंने स्व0 ओमकार त्यागी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की कि भगवान उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। वे अपने पिछे दो बेटियों और दो बेटों को छोड़ गए हैं।

# फरीदाबाद: लोगों को पीपीपी से संबंधित आने वाली दिक्कत नहीं छोड़ेंगे: कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
**श्री** मूलचंद शर्मा कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में आज शनिवार 16 दिसंबर को त्रिखा कालोनी में परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने के लिए विशाल कैंप लगाया गया। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की त्रिखा कॉलोनी स्थित सरकारी मिडिल स्कूल (पार्क) में परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए लगाए गए विशाल कैंप का उद्घाटन किया। वहीं इस कैंप में सम्बंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहें।



कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की कल 17 दिसंबर को सुभाष कालोनी में यह कैंप लगाया जाएगा और उसके बाद सेक्टर- 2 में कैंप का आयोजन किया जायेगा। ताकि लोगों को पीपीपी से संबंधित आने वाली दिक्कत न आए।

**कैम्प शासन और प्रशासन ने यह दी सुविधाएंः**
जिसमें बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सम्बंधित लोग परिवार पहचान पत्र,बुढ़ापा पेंशन, विधवा पेंशन, आधार कार्ड, उज्जवल योजना जैसे कार्यों से संबंधित समस्याओं को दर्ज करवा कर उनका समाधान करवा सकते हैं। यह कैंप आज शाम तक चलेगा। तत्पश्चात प्रदेश के माननीय कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस और श्री राम एजुकेशनल सोसायटी द्वारा सेक्टर- 12 में आयोजित भारत पाक विजय दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न स्कूलों से आए हजारों स्कूली बच्चों को शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा की देश के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा के आदरणीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी हरियाणा में साल 2025 तक नई शिक्षा नीति को लागू करने जा रहे हैं, जिसमें बच्चों को शिक्षा के साथ साथ रोजगार परक और आध्यात्मिक शिक्षा का ज्ञान दिया जायेगा। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारत में हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। आज ही के दिन 16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान पर जीत हासिल की थी। भारत ऐतिहासिक युद्ध में जीत हासिल करने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर इस दिन को मनाता है। यह विजय दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि समर्पण और उसके निहितार्थ विजय दिवस पर भारत उस महत्वपूर्ण क्षण को याद करता है। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा, परिवहन और खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि विजय दिवस 2023 का स्मरणोत्सव और विशेष महत्व है। क्योंकि विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदानों को याद करते हुए चिंतन और श्रद्धांजलि का दिन है। यह दिन अत्यधिक सांस्कृतिक और राजनीतिक महत्व रखता है, जो भारत और बांग्लादेश के बीच मजबूत संबंधों पर जोर देता है। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारत- पाकिस्तान युद्ध के दौरान अपने सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित बहादुरी और ताकत को श्रद्धांजलि देता है।

# आढ़तियों ने राजीव जैन के साथ कृषि मंत्री जे.पी दलाल से की भेट

**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत सब्जी मंडी के** आढ़तियों पर एकमुस्त मार्केट फीस के विसंगतियों के खिलाफ पूरे प्रदेश में रोष प्रकट कर रहे आढ़तियों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन के साथ सोनीपत के गांव झिंझोली पहुंचे कृषि मंत्री जे.पी दलाल से भेट की ओर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें पहले की तरह मार्केट फीस पूरी तरह हटाने की मांग की है। आढ़तियों का कहना है कि पहले एक प्रतिशत मार्केट फीस और एक प्रतिशत एचआरडीएफ फीस लगती थी जिसमें सरकार को



ज्यादा फीस नहीं मिलने और मार्केट कमेटी के अधिकारियों द्वारा आढ़तियो को बार-बार परेशान करने के कारण एक मुस्त मार्केट फीस तय करने की माँग रखी गई थी। सरकार ने एक मुश्त फीस की माँग तो मान ली परंतु 2022 में भरी गई फीस को आधार मानते हुए 40% से ज्यादा बढ़ोतरी कर दी जो बिलकुल नाजायज है।

## ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से महिला की मौत

**सोनीपत। सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के कामी सड़क मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद से चालक फरार है। गांव गाजीपुर तमकुही सुजान हाल में गली नंबर-11 ऋषिक कॉलोनी निवासी मनोज ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसकी पत्नी निकि उर्फ रिंकू (35) के हादसे की सूचना मिली।

# मानव रचना स्कूल के छात्र ने ऑल इंडिया लॉ एंट्रेंस टेस्ट में देश में दूसरा स्थान पाया



**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
**जिले के** चार्मवुड विलेज स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल (एमआरआईएस) के छात्र कनव सलूजा ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली की ओर से आयोजित ऑल इंडिया लॉ एंट्रेंस टेस्ट (एआईएलईटी) में ऑल इंडिया दूसरी रैंक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। गुरुवार को परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रबंधन ने छात्र और परिवार को बधाई दी। एआईएलईटी देश में सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कानूनी प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसमें स्कूल के छात्र कनव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। स्कूल की ओर से प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और प्रतिस्पधाओं के लिए छात्रों को तैयार करने के माहौल ने कनव को इस चुनौती के लिए तैयार किया। छात्र ने अपनी बेहतरीन अकादमिक उत्कृष्टता और समर्पण का परिचय देते हुए स्कूल का नाम चमकाया है। हमेशा से ही मेधावी रहे छात्र कनव ने शैणिक गतिविधियों के अलावा अन्य गतिविधियों और कई प्रतियोगिताओं में अपनी अनूठी प्रतिभा का परिचय दिया है। छात्र की इस उपलब्धि पर मानव रचना शैक्षणिक संस्थानों के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने प्रसन्नता जताते हुए कहा, "कनव ने संस्थान के उत्कृष्टता के मानकों को ऊंचाई तक पहुंचाया है। हम छात्र की इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करते हैं और उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं। इस तरह की उपलब्धि छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम होती हैं।"
एमआरआईएस की निदेशक श्रीमती संयोगिता शर्मा ने कहा, ह्लएमआरआईएस में शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों से ही हर छात्र के समग्र विकास पर फोकस किया जाता है। जब छात्र इस तरह के राष्ट्रीय मंचों पर उल्लेखनीय सफलता पाते हैं तो हमें बेहद गर्व महसूस होता है।

# फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस के ने चलाया विशेष अभियान

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी ट्रैफिक** अमित यशवर्धन के दिशा के तहत एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्पेशल अभियान के अन्तर्गत विदाउट हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट तथा ड्रिंक एंड ड्राइविंग करने वाले 169 वाहन चालको के चालान काटकर जुमार्ना लगाया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत विदाउट हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट के 136 चालान तथा ड्रिंक एंड ड्राइविंग के 33 चालान किए गए। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर वासियों की सुरक्षा व रोड़ पर यातायात को ध्यान में रखते हुए उन्हें यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में



थाना पुलिस व ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण वाहनों का गलत दिशा में चलना है एवं विदाउट हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट वाहनों के प्रचलन के कारण संगधित गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। इस समस्या को मध्यनजर रखते हुए ही यह विशेष अभियान चलाया गया है तथा इसके साथ साथ आमजन को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। परंतु कुछ चालक नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते इसलिए उनके खिलाफ समय समय पर विशेष अभियान चलाकर चालान किए जा रहे है । इसके अलावा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1621 वाहन चालको के पोस्टल/ ई-चालान काटकर जुमार्ना किया गया है। डीसीपी ट्रैफि क ने बताया कि फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस का यह लगातार प्रयास रहता है कि शहर वासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके और यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। नागरिकों से अपील की कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

# 'पीएम ने लाइव प्रसारण के जरिये बढ़ाया यात्रा के प्रतिभागियों का उत्साह'

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
**एनआईटी विधानसभा** क्षेत्र में आज शनिवार को एनआईटी- 3 केएल मेहता कॉलेज के सामने और खेल परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम में विधायक सीमा त्रिखा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रत्येक देशवासी की भागीदारी में विशेषकर युवाओं की बदौलत भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों उनके घर द्वार पर सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर मिल रही है। वहीं लोगों की परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने सहित अन्य ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन अपलोड किए जा रहे हैं। वहीं देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लगातार लाइव प्रसारण के जरिये विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े हुए हैं और स्वयं लाइव आकर यात्रा के प्रतिभागियों सहित लोगों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। ऐसे ही शनिवार को एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न स्थानों पर लाभार्थियों से रूबरू हुए और अपने संबोधन से यात्रा के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में दो स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक सीमा त्रिखा ने कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। स्टॉलों का अवलोकन किया और प्रमाण पत्र वितरित किए। वहीं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टी द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी भजनों के दी गई । विधायक सीमा त्रिखा ने कार्यक्रमों में अतिथि के तौर पर शिरकत की। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत कहा कि देश की बागडोर एक ऐसे नेता के हाथ में है, जिसने अपनी कार्यशैली से पुरी दुनिया में भारत की प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पहले जो देश भारत के लोगों को विजा तक नहीं देते थे, आज उन्हीं देशों ने भारत के लोगों के लिए वीजा फ्री कर दिया है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की सोच दूरगामी है और सोच के साथ भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल करने का अनोखा अभियान शुरू किया गया है, जिसमें प्रत्येक देशवासी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। यात्रा का उद्देश्य है कि देश के बच्चो को शिक्षा की अच्छी व्यवस्था मिले, जरूरतमंदों को रोजगार मिले और बीमार को इलाज की अच्छी सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि देश के लोगों और विशेषकर युवाओं की बदौलत भारत 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्पष्ट नजर आ रहा है कि सभी लोग विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सरकार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि अब पहले से कहीं बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं और लगातार इनमें इजाफा हो रहा है। यह भारत के विकसित राष्ट्र की।

# प्रधानमंत्री का योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कार्यक्रम का हुआ वर्चुअल प्रसारण

**टीम एक्शन इण्डिया/गन्नौर**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाहपुर तगा गांव में वर्चुअल माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। शाहपुर तगा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि गुजरात से राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार ने किया। राज्यसभा सदस्य कविता का पाटीदार का कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामवासियों स्वागत किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने गांव की नन्ही बेटी के जन्मदिवस अवसर पर बेटी के साथ



केक काटा और उसे जन्मदिवस की बधाई देते हुए भगवान से उसकी लंबी उम्र की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हरियाणा की धरती से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपना विशेष योगदान दे रही हैं। उन्होंने केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत करवाते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

आदर्श रसोई सप्ताह 37 वां

# आदर्श रसोई ने मनाया रिंकु कोहली और हिमांशु भाटिया का जन्मदिन

## राकेश भारद्वाज चौक: अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर है आदर्श रसोई...









**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श नगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 37वें सफर को अमलीजामा पहनाते हुए रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिवत रूप से अतिथियों ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत। अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार आदर्श रसोई के उपप्रधान रिंकु कोहली और सदस्य हिमांशु भाटिया का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आदर्श रसोई की तरफ से दोनों ही अतिथियों के परिवारों का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर दोनों ही अतिथियों द्वारा विशेष दिवस के उपलक्ष में केक काटा गया और साथ ही आदर्श रसोई का पहला टोकन देकर रसोई की शुरूआत की गयी।

**काटा गया केक:** जैसा कि आप सभी जानते है कि हर बार रसोई में कोई न कोई नया या विशेष अतिथि शिरकत करता है। इस बार आदर्श रसोई के उपप्रधान रिंकू कोहली और हिमांशु भाटिया के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा गया तथा रसोई के सभी सदस्यों ने दोनों लोगों को जन्मदिन की बधाई देते हुए दीघार्यु की कामना की।
इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

**मैं खुशनसीब हूँ कि आदर्श रसोई जैसी संस्था का हिस्सा हूँ: रिंकु कोहली**
आदर्श रसोई समाज में बेहतरीन कार्य कर रही है। ऐसी सामाजिक संस्थाओं की आज के समय में बेहद जरूरत है जोकि निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है और मैं खुद को भी खुशनसीब मानता हूं कि मैं भी आदर्श रसोई का कार्यकर्ता हूं। मैं आदर्श रसोई की पूरी टीम व रसोई के संस्थापक को भी नमन करता हूं। इस प्रकार के कार्य सभी को अपने-अपने क्षेत्र में करने चाहिए। मेरे बड़े भाई श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी ने इस रसोई की स्थापना की थी और मुझे इससे जोड़ा था। मैं खुशनसीब हूँ कि मुझे इस संस्था का अभिन्न सदस्य होने का सौभाग्य मिला।



## 'जहां भी कौम के हितों की बात होगी, हम मजबूती से डट कर साथ खड़े रहेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सिख गुरुद्वारा** प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बंदी सिंहों की रिहाई के मुद्दे पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा 20 दिसंबर को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से राष्ट्रपति भवन तक आयोजित होने वाले विरोध मार्च के स्थगन के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि जहां पर भी कौम के



हितों की बात होगी, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका (कालका) नाम लेकर कहा कि उन्होंने जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब को एक पत्र लिखा है व जत्थेदार साहिब के आदेशानुसार, हम विरोध मार्च स्थगित कर रहे हैं। वह एडवोकेट धामी के इस ऐलान का स्वागत करते हैं और यह बताना चाहते हैं कि उन्होंने जत्थेदार साहिब को पत्र इसलिए लिखा क्योंकि विरोध मार्च का निर्णय सिंह साहिब द्वारा गठित 5 सदस्यीय समिति का फैसला नहीं था। सरदार कालका ने कहा कि इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक तरफ हम सरकारों से संपर्क स्थापित कर मुद्दों को सुलझाने का प्रयास करें।

## शर्मा ने रोड़ के कार्य को अविलम्ब पूरा किये जाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जागरूक उपभोक्ता** मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि मैक्स हॉस्पीटल शालीमार बाग के सामने दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे रोड़ का कार्य कछुआ की चाल से चल रहा है। जिसके कारण यह कार्य समय से पूरा होना असम्भव सा प्रतीत हो रहा है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि रोड़ के न बनने



से शालीमार बाग में प्रायः यातायात जाम रहता है। गत् दिनों क्षेत्र की विधायक बंदना कुमारी ने भी बनाए जा रहे रोड़ की प्रगति का जायजा लिया था, मगर धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी नहीं आई। यहां सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण से वाहन चालको व अस्पताल जाने वाले वाहनों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्य पाल शर्मा ने रोड़ के कार्य को अविलम्ब पूरा किये जाने की मांग की है।

# जंतर-मंतर: पेंशन दिवस पर फिर उठी ओपीएस की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय पेंशन दिवस** के मौके पर फोरम अगेंस्ट-एनपीएस के आह्वान पर जंतर मंतर पर दिल्ली के सैकड़ों कर्मचारी जुटे। उन्होंने एनपीएस वापस लो, ओपीएस लागू करो की मांग उठाई और ओपीएस लागू करवाने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। फोरम अगेंस्ट-एनपीएस दिल्ली के कोर्डिनेटर अमर रावत के संचालन में आयोजित इस संकल्प सभा को अन्य राज्यो में एनपीएस के खिलाफ आंदोलन को नेतृत्व प्रदान कर रहे नेताओं ने भी शिरकत की और अपनी बात रखी। इनमें केरल से अरुणजीत, कर्नाटक से वेणुगोपाल



भट्ट, पश्चिम बंगाल से अन्निधा रॉय चौधरी, हरियाणा से ईश्वर सिंह राठी, मध्य प्रदेश से रूपेश जैन शामिल हुए। उन्होंने कहा की फोरम अगेंस्ट एनपीएस के नेतृत्व में एनपीएस के खिलाफ आंदोलन को देश भर मे फैलाना और मजबूत बनाना जरूरी है क्योंकि सही नेतृत्व के बिना आंदोलन सफल नहीं हो सकता है। संकल्प सभा को सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय महासंघ जे.पी.ए के राष्ट्रीय



कार्यकारी अध्यक्ष एस. एस. नेगी व उप महासचिव केरल से आए आर. कुमार, दिल्ली एनपीएचए के अध्यक्ष विजय कुमार व महासचिव भारतवीर, केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी के राष्ट्रीय सचिव



रमेश पराशर ने भी संबोधित किया। वक्ताओ ने कहा की हमें एन.पी.एस का रिव्यू नहीं चाहिए। हमे ओ.पी.एस चाहिए। अतः जो संगठन रिव्यू का समर्थन कर रहे हैं वे कर्मचारियों की भावनाओ से खिलवाड़ करके आंदोलन को बर्बाद करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा की कर्मचारी यह नहीं भूलेगा की किस तरह से 2003 में संसद के अंदर सारी राजनीतिक पार्टियों ने एक जुट होकर कर्मचारियों के पेंशन के हक को छीन लिया था और कौन-कौन आज भी कर्मचारियों को यह हक वापस लौटने में बाधा बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी एन.पी.एस के खिलाफ आंदोलन अनेक मंचों, संगठनों, फेडरेशनों के माध्यम से किया जा रहा है। हमारा मानना है कि एन.पी.एस. के खिलाफ और ओ.पी.एस. के लिए आंदोलन जनवादी ढंग से संचालित संयुक्त मंच से किया जाना चाहिए। एक संयुक्त, जुझारू और मजबूत आंदोलन, किसान आंदोलन की तरह ही सरकार को झुकने के लिए मजबूर कर देगा। ऑल इंडिया एन.पी.एस. एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा मंजीत पटेल भी आंदोलन को अपना समर्थन देने के लिए संकल्प सभा में पहुंचे। केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, एमसीडी, रेलवे सहित दिल्ली के विभिन्न हस्पतालों से कर्मचारी व स्टाफ के संगठन, एसोसिएशन, फेडरेशन आदि से संकल्प सभा में मनजीत पटेल नेशनल प्रेसिडेंट ऑल इंडिया एनपीएस विनोद यादव दिल्ली प्रेसिडेंट, मयंक देवेंद्र कुमार, नितिन, श्रीकांत, बालेश (एमसीडी), सुजाता मखीजा, प्रखर मिश्रा, संजय डिलोरा, विकास सारस्वत पवन वर्मा, विपत्ति राम विक्रम उमरवाल, उमेश विनोद यादव मोहित मौजूद रहे।

# निगम पार्षद अजीत यादव ने मेट्रो अपार्टमेंट का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा क्षेत्र के** विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 भलस्वा के निगम पार्षद अजीत यादव ने शनिवार को मेट्रो अपार्टमेंट के अंदर जो नाले की काफी टाइम से सफाई नहीं हुई थी, आज उन नालों की सफाई के काम का निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ मेट्रो अपार्टमेंट के सचिव गुरबचन सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान करता हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि आज मैंने मेट्रो अपार्टमेंट का दौरा किया और जो भी समस्याएं लोगों की थी उनको सुना और जल्द ही उनकी समस्याएं का उचित समाधान होगा। उन्होंने यह भी कहा





कि अगर क्षेत्र का कोई व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

## आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को छला है: प्रसाद

# पूर्व पार्षद माधव प्रसाद के कार्यो को आज भी याद करते है लोग




### पूर्व पार्षद माधव प्रसाद ने कहा...

= आप के राज में दिल्ली की जनता को जानबूझ कर बुनियादीं सुविधाओं से वंचित रखा गया है।

= लाल बाग की झुग्गी बस्ती में नालियां टूटी पड़ी हुई है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी व बदबू का माहौल हो गया है।



**चुनौतियों से तुम कभी डरना नहीं,**
**जीने के पहले तुम मरना नहीं,**
**जहां में पांव तेरे खीचेंगे सभी,**
**पर बड़े जो कदम तेरे पीछे कभी**
**करना नहीं।**

**कुछ ऐसी ही चुनौतियों** से सामना करने वाले व स्वभाव के सरल एक ऐसे व्यक्ति से हम आज आपको मिलवाने जा रहें हैं। जिनके बारे में जितना बोला जाए वो भी कम है व भुसे के ढ़ेर में सुईं ढुंढ़ने के बराबर होगा। जो कि वर्तमान में पार्षद नहीं है बावजूद इसके आज भी क्षेत्रीए लोगों के दिलों में बसे हुए है, तथा अपने कार्यकाल के दौरान किए हुए कार्यो के बदौलत मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां यहां पर हम बात कर रहें है मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड नंबर-67 से भाजपा के पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद की।

**क्षेत्र में किए कई विकास कार्य**
आपकी जानकारी के लिए बतादें कि माधव प्रसाद संगम पार्क वार्ड नंबर 67 से निगम पार्षद रह चुके है, तथा उनके कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में बहुत विकास कार्य किए गए है। उन्होंने बताया कि उन्होंने क्षेत्र स्थित झुग्गी बस्तियों में सबसे पहले लाइटें लगवाई थी, जिसके बाद स्ट्रीट लाइटे लगवाई, शौचालय बनवाया, 23 युरिनल भी बनवाए, पार्कों का सौंद्रीयकरण करवाया, दो निगम के स्कूल बनवाएं, संगम पार्क व लाल बाग की सड़के बनवाई, बुजुर्गो व महिलाओं को पेंशन सुविधा सहित अनेक विकास कार्यों को नया आयाम दिया।

**संगठन से ही होता है हर कार्य संभव:** पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना चाहिए और बीजेपी की नीतियां को लोककल्याण के लिए जन-जन तक पहुंचाना है, जिससे की लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ भी मिल सकें इसके साथ ही भाजपा से अधिक से अधिक जुड़े।

**मोदी जी ने देश में चलाई अनेक योजनाएं:** माधव प्रसाद ने कहा कि पीएम मोदी जी ने देश में कई योजनाएं लागू की हुई है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की बुलंदियों को छू रहें है। आज देश के सभी वर्ग के लोग भाजपा व मोदी जी के कार्यों की प्रशंसा कर रहे है। क्योंकि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।

**भाजपा अपने वादों पर खरी उतरी**
उन्होंनें कहा कि भाजपा की करनी और कथनी कोई अंतर नहीं है, भाजपा जो कहती है वह करके भी दिखाती है। जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे करके दिखाये है।



**मुलभूत सुविधाओं से त्रस्त है क्षेत्र के लोग:** पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद ने कहा कि लाल बाग में स्थित झुग्गी बस्ती के लोग मुलभुत सुविधाओं से त्रस्त है, इलाके में न तो सफाई व्यवस्था हैं और न ही लोगों को पीने का पानी भी मिल रहा है। वहीं कई जगह पर सीवर की समस्या है, जिससे कि जनता को परेशान होना पड़ रहा है।



-प्रस्तुति: एक्शन इंडिया